RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs CCTV Controlled Environment Activity Based Learning Well Equipped Library GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

वर्ष : 25 | अंक : 349 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 16 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

संसद की सुरक्षा में चूक का मामला

आत्मदाह व पर्चे फेंकने का भी था प्लान!

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद की सुरक्षा में चूक का मामला अभी तक शांत नहीं हुआ है। दिल्ली पुलिस की जांच में अब तक कई खुलासे हुए हैं। जो हैरान करने वाले हैं। संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं। इस बीच दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों से पूछताछ की है। इस पूछताछ में दिल्ली पुलिस के हाथ चौंकाने वाली जानकारी लगी है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि लोकसभा के चैंबर में कूदने से पहले उन्होंने आत्मदाह करने और पर्चे बांटने की योजना बनाई थी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

बेरोजगारी व महंगाई की वजह से सुरक्षा में चूक

संसद की सुरक्षा में चूक मामले में कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि देश में महंगाई व बेरोजगारी के चलते संसद की सुरक्षा में चूक हुई। बेरोजगारी देश का सबसे बड़ा मुद्दा है और इसको लेकर देश उबल रहा है।

बहरी सरकार को जगाने के लिए संसद में कूदे

संसद की सुरक्षा में चूक मामले में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश की बहरी सरकार को जगाने के लिए लोग संसद में कूदे थे। नौकरी न मिलने से आज नौजवान दुःखी है और उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही है।

डासना जेल में हड़कंप, 7 मरीज मिले एचआईवी पॉजिटिव

गाजियाबाद (चेतना मंच)। गाजियाबाद के डासना स्थित जिला कारागार में हड़कंप मच गया है। यहां आयोजित सात दिवसीय स्क्रीनिंग शिविर में एक महिला बंदी समेत एचआईवी के सात नए मरीज मिले हैं। इसके

अलावा हेपेटाइटिस के 67 मरीज भी मिले हैं। इसमें हेपेटाइटिस सी के 49 और हेपेटाइटिस बी के 18 नए रोगी हैं। जांच के दौरान सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज (एसटीडी) का भी एक मरीज मिला है। सभी बंदियों का एक महिला समेत इलाज शुरू एचआईवी के सात नए मरीज मिले करा दिया गया है।

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार ने बताया कि उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी के निर्देश पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

क्राइम फाईल

पीजी रूम से मोबाइल व लैपटॉप चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 के एक पीजी में रहने वाली तीन लड़कियों के कमरे से चोरों ने मोबाइल फोन लैपटॉप अन्य सामान चोरी कर लिया।

रसूलपुर नवादा गांव में रायसन पीजी चलाने वाले नीरज राय ने बताया कि उनके पीजी रूम नंबर 103 में उपासना गुप्ता, जाहनवी सिंह और तनीषा व्यास रह रही हैं। बीते 12 दिसंबर की शाम को अज्ञात चोरों ने उनके कमरे से तीन मोबाइल फोन, लैपटॉप, नगदी, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड ,आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि चोरी कर लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीजी मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जान से मारने की दी धमकी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना कासना में एक व्यक्ति ने गाली गलौज तथा जानलेवा धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि वह कमर्शियल कोर्ट से लौट रहा था। इस दौरान आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज कर धमकी दी।

निठारी गांव निवासी लज्जेराम शर्मा ने बताया कि वह कमर्शियल कोर्ट कासना में आया था। काम निपटाने के बाद जब वह वापस लौट रहा था तो उसे सेक्टर-27 निवासी सुरेंद्र शर्मा ने रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे फैक्ट्री खाली करने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक उसने सेक्टर-10 की एक फैक्ट्री किराए पर ले रखी है। इसी फैक्ट्री को खाली करने के लिए सुरेंद्र शर्मा ने उसके साथ गाली-गलौज कर धमकी दी।

दंपत्ति को पड़ोसियों ने पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी के ग्राम भोगपुर में पड़ोसी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर दंपति के साथ मारपीट करने घायल कर दिया। मारपीट के बाद दोनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

भोगपुर गांव निवासी सोनू ने बताया कि बीते दिनों उसके पड़ोस में रहने वाला हरेंद्र उर्फ पप्पू उनके घर के दरवाजे को तोड़ने लगा। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो हरेंद्र उसकी पत्नी सोनम गाली-गलौज करने लगे।

हरेंद्र व सोनम ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी सोनिया के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में सोनिया के सिर व शरीर एवं अन्य जगहों पर चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

शक की वजह से कातिल बना पति, सरेआम की पड़ोसी की हत्या

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर क्षेत्र के संतोष नगर कॉलोनी में बीती रात्रि पड़ोसी ने पड़ोसी युवक को

चाकू मार कर मौत के घाट उतार दिया। दर्जनों लोगों की मौजूदगी में हुई इस वारदात से सनसनी फैल गई। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मूल रूप से संबल निवासी पवन अपने परिवार सहित संतोष नगर कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। उसके पड़ोस में ही दिनेश उर्फ बंटी की परचून की दुकान थी। इस दुकान पर दिनेश और उसकी पत्नी दोनों बैठते थे। पवन का दुकान पर आना-जाना था। कुछ दिनों पूर्व किसी बात को लेकर दिनेश उर्फ बंटी से वाद विवाद हो गया था। बीती रात्रि पवन अपनी छत पर टहल रहा था इस दौरान दिनेश मौके पर पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पवन ने जब इस बात का विरोध किया तो दिनेश ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ कई बार कर घायल कर दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

कंपनी की एचआर मैनेजर ने लगाई फांसी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में एक कंपनी की एचआर मैनेजर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि वाजिदपुर गांव में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक आंचल चौहान पत्नी मोहित चौधरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि करीब पौने दो साल पहले आंचल चौहान की शादी मोहित चौहान के साथ हुई थी। आंचल चौहान एक कंपनी में एचआर मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। शुक्रवार को मोहित घर से ड्यूटी चला गया उसके कुछ देर बाद आंचल चौहान ने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। किसी कार्य के लिए आंचल की सास ने दरवाजा खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद उन्होंने आंचल के मोबाइल पर कई बार फोन किया लेकिन फोन भी पिक नहीं हुआ। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए आंचल के ससुराल वालों ने उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर आंचल के पिता भी उसकी ससुराल पहुंच गए। इसके बाद ससुराल और मायके वालों ने मिलकर दरवाजे को तोड़ा अंदर पहुंचने पर आंचल चौहान फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।

थाना प्रभारी के मुताबिक आंचल चौहान की एक 7 माह की मासूम बच्ची भी है। परिजन इस बात से परेशान है कि आखिर आंचल चौहान ने किस वजह से आत्महत्या की।

सुपरवाइजर ने घर में की आत्महत्या

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के झुंडपुरा गांव में किराए पर रहने वाले एक कंपनी के सुपरवाइजर ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह सामने आई है।

मूल रूप से बिहार के गया जिले का रहने वाला मुरारी मालाकार पिछले कुछ महीनों से झुंडपुरा गांव में किराए पर रह रहा था। मुरारी नोएडा की एक कंपनी में बतौर सुपरवाइजर के रूप में कार्यरत था। शुक्रवार शाम को किराएदारों ने उसे कमरे में फंदे से लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतर कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। पड़ोसी किराएदारों ने बताया कि आत्महत्या से पूर्व मुरारी मालाकार फोन पर अपने परिजनों से बात कर झगड़ा कर रहा था। पिछले दो-तीन दिनों से वह परेशान दिख रहा था। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

ससुराल में दामाद की हुई मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना जारचा क्षेत्र के मुठयानी गांव में अपनी ससुराल में रह रहे एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने उसकी मौत पर संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

मूल रूप से गाजियाबाद निवासी शमशाद परिवार सहित मुठयानी गांव में अपने ससुराल में रह रहा था हालत बिगड़ने पर उसकी पत्नी व ससुराल वाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बात की जानकारी जब शमशाद के परिजनों को लगी तो वह उसकी ससुराल पहुंचे। शमशाद की मौत पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

कायस्थ सभा का 'स्नेह मिलन' कल

नोएडा (चेतना मंच)। कायस्थ सभा द्वारा कल 17 दिसंबर को 'स्नेह मिलन 2023' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सेक्टर-12 स्थित ईशान म्यूजिक कॉलेज की प्रेक्षाग्रह में आयोजित होगा। यह जानकारी कायस्थ सभा के अध्यक्ष एन श्रीवास्तव तथा महासचिव विक्रम श्रीवास्तव ने दी है। उन्होंने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कायस्थ रत्न से सम्मानित गौतम ऋषि तथा नोएडा पुलिस के एसीपी सौरव श्रीवास्तव को सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में कायस्थ सभा के सभी पदाधिकारी, सैकड़ों चित्रांश परिवार एवं नोएडा के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

25 जनवरी तक नमो ऐप से जोड़े जाएंगे 2 लाख लोग : प्रमोद गुप्ता

नोएडा (चेतना मंच)। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अधिक से अधिक लोगों को भाजपा में जोड़ने का अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में अब नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा समेत समूचे जनपद में 2 लाख लोगों को नमो ऐप से जोड़ा जाएगा।

भाजपा के जिला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने मीडिया को बताया कि सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए गौतमबुद्धनगर में दो लाख लोगों को नमो ऐप से जोड़ा जाएगा। यह अभियान 15 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगा। इस अभियान में भाजपा तथा उसके विभिन्न प्रकोष्ठ मसलन युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, पूर्वांचल मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा समेत सभी मोर्चों व बूथों के पदाधिकारी यह अभियान चलाएंगे।

बता दें कि जनपद में कुल 1073 बूथ हैं। सभी बूथों पर यह अभियान चलाया जाएगा। श्री गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत समूचे उत्तर प्रदेश में 2 करोड लोगों को नमो ऐप से जुड़ जाएगा। पार्टी के सूत्र बताते हैं कि बूथों को भी नए तरीके से गठित किया जाएगा। इसके तहत उस बिरादरी के कार्यकर्ता को बूथ अध्यक्ष बनाया जाएगा। जिस बिरादरी की उस बूथ में अधिक संख्या है। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी भी जातिगत समन्वय बिठाकर बनाए जाएंगे। यह सब कवायद लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही है।

लड़की को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में एक कंपनी में नौकरी करने वाली लड़की को दूसरे समुदाय का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती के पिता ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मूल रूप से बलिया निवासी राकेश कुमार राय (काल्पनिक नाम) हाल में अपने परिवार सहित खोड़ा कॉलोनी में रह रहा है। राकेश की बेटी सेक्टर 63 की एक कंपनी में नौकरी करती थी बीते 11 दिसंबर को युवती घर से कंपनी आई थी इसके बाद घर वापस नहीं लौटी। राकेश के मुताबिक परिजनों ने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि उसे हैदरअली निवासी यूसुफपुर जनपद गाजीपुर बहला फुसलाकर भगा ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

वहीं थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाले जमुना प्रसाद ने अपने भतीजे के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सिक्योरिटी गार्ड की हत्या में शामिल बदमाश को पुलिस ने किया लंगड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। सोसायटी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। इसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रेटर नोएडा की थाना बिसरख पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बिसरख थाना पुलिस को शुक्रवार की देर शाम सूचना मिली (शेष पृष्ठ-4 पर)

आईएएस के बिगड़ैल बेटे की करतूत, प्रेमिका को कार से कुचला

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

महाराष्ट्र में एक बड़े अधिकारी के बेटे ने अपनी ब्यूटीशियन प्रेमिका के साथ ऐसा काम कर दिया है, जिसकी न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश में जमकर चर्चा हो रही है। सोशल मीडिया पर ब्यूटीशियन की एक पोस्ट जमकर वायरल हो रही है। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल आ गया है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत ने इस मामले में राज्य सरकार को घेरते हुए मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग की है ।महाराष्ट्र की रहने वाली 26 साल की महिला प्रिया एक प्रोफेसनल ब्यूटीशियन और सोशल मीडिया इंफ्लूंजर है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

मोबाइल टॉवरों से कीमती उपकरण चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की तीन वारदातों को अंजाम दिया। चोर टॉवरों से कीमती उपकरणों को चोरी कर ले गए।

एसजी एनकोन कंपनी के सिक्योरिटी हेड सुशांत त्यागी ने थाना फेस-1 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते 3 अगस्त की रात्रि को चोरों ने सेक्टर 41 की ग्रीन बेल्ट में लगे टॉवर से आरआरयू, क्लैंप, पावर कनेक्टर केवल टीडीडी, जंपर आदि सामान चोरी कर लिया। थाना फेस-3में दर्ज कराई रिपोर्ट में सुशांत त्यागी ने बताया कि चोरों ने (शेष पृष्ठ-4 पर)

ISHWAR PHYSIO CARE
At Home Physiotherapy for an Active Life
Physical Therapy for :
- Back & Neck Pain
- Arthritis
- Post Stroke
- Sports Injury
- Fracture Rehabilitation
- Joint Pain
- Pain Management Through Electro Therapy

Home Visit Only



Dr. Ankur Sharma (PT)
Up state medical council Registered (Lucknow)
+919990144473

सुरक्षा में चूक

संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी के दिन ही संसद पर एक और प्रहार किया गया। देश 13 दिसंबर, 2001 का दिन नहीं भूला होगा, जब पाकपरस्त आतंकियों ने संसद के परिसर में घुसकर हमला किया था और हमारे 14 सुरक्षाकर्मी जवान 'शहीद' हुए थे। आतंकियों को भी ढेर कर दिया गया था। उसके बाद सुरक्षा-व्यवस्था में जो बदलाव किए गए, उनके मद्देनजर अक्सर दावा किया गया कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। हमारी गालबजाई तब खोखली साबित हुई, जब 13 दिसंबर, 2023 को लोकसभा में 'शून्य काल' की कार्यवाही चल रही थी। अचानक दो युवकों ने 'दर्शक-दीर्घा' से छलांग लगा दी। कूदने के बाद एक युवक सांसदों की सीटें फांदता रहा और सदन में दहशत फैल गई। अफरातफरी मच गई। सांसद 'पकड़ो-पकड़ो' चिल्लाने लगे। अचानक एक युवक ने अपना जूता खोला और किसी 'स्मोक क्रैकर' का इस्तेमाल किया, नतीजतन लोकसभा में 'पीला-सा धुआं' फैलने लगा। जब तक मार्शल या सुरक्षाकर्मी आते, तब तक सांसदों ने उन घुसपैठियों को घेर कर धर दबोचा और पिटाई की। बेशक यह आतंकी हमला नहीं था, लेकिन युवकों के मंसूबे कमतर भी नहीं थे। यह प्रहार कुछ भी साबित हो सकता था। शुक्र है कि सदन में उस समय प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री आदि मौजूद नहीं थे, लेकिन सांसदों की मौजूदगी अच्छी-खासी थी। पीला धुआं फैला कर युवक एक निश्चित संदेश देना चाहते थे कि संसद के भीतर घुसकर भी हमला किया जा सकता है! बेशक धुआं खतरनाक, जहरीला नहीं था, लेकिन इस तरह किसी रासायनिक द्रव्य का भी इस्तेमाल किया जा सकता था, क्योंकि यह रासायनिक अस्त्रों का दौर है! जूते में छोटा-सा बम भी छिपा कर संसद के भीतर लाया जा सकता था! ऐसे ही स्मोक बम और स्मोक ग्रेनेड भी होते हैं। कल्पना कीजिए कि 2001 के आतंकी हमले के दौरान करीब 250 सांसद दोनों सदनों में थे। यदि आतंकी अपने हथियारों के संग सदनों के भीतर घुसने में कामयाब हो जाते, तो अंजाम क्या हो सकता था? इसी तरह युवकों द्वारा छोड़ा गया 'पीला धुआं' घातक और विषैला होता, तो कितना बड़ा हादसा हो सकता था! यह सिर्फ सुरक्षा संबंधी गंभीर चूक नहीं है, बल्कि हमारे देश पर प्रतीकात्मक प्रहार भी है। खुफियागीरी भी नाकाम रही है। सुरक्षा बंदोबस्त और जांच-पड़ताल में दरारें हैं, जो युवकों के जूतों में रखा गया 'स्मोक क्रैकर' या स्प्रे जैसा उपकरण सुरक्षा स्कैनिंग के रडार पर नहीं आया। संसद के भीतर जाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। सांसद के सिफारिशी पत्र के बावजूद दीर्घा तक पहुंचना आसान और सपाट नहीं है। संसद की कार्यवाही कवर करने वाले पत्रकारों को भी कंप्यूटरीकृत सुरक्षा जांच से होकर गुजरना पड़ता है। सुरक्षा के चार घेरों के बावजूद 'पीले धुएं' वाले द्रव्य या क्रैकर को पकड़ा नहीं जा सका, यह हमारी सुरक्षा का अधूरापन है। संयोग है कि दो प्रदर्शनकारियों ने संसद के बाहर 'पीला धुआं' फैलाया और नारेबाजी की। दो युवकों ने संसद की सुरक्षा को धुआं-धुआं कर दिया। हालांकि कुल छह आरोपी हैं।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि और जब किसी की विपत्ति देखते हैं, तब ऐसे सुखी होते हैं मानो जगतभर के राजा हो गए हों। वे स्वार्थपरायण, परिवार वालों के विरोधी, काम और लोभ के कारण लंपट और अत्यंत क्रोधी होते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

मातु पिता गुर बिप्र न मानहिं। आपु गए अरु घालहिं आनहिं॥
करहिं मोह बस द्रोह परावा। संत संग हरि कथा न भावा॥

वे माता, पिता, गुरु और ब्राह्मण किसी को नहीं मानते। आप तो नष्ट हुए ही रहते हैं, (साथ ही अपने संग से) दूसरों को भी नष्ट करते हैं। मोहवश दूसरों से द्रोह करते हैं। उन्हें न संतों का संग अच्छा लगता है, न भगवान की कथा ही सुहाती है॥

अवगुन सिंधु मंदमति कामी। बेद बिदूषक परधन स्वामी॥
बिप्र द्रोह पर द्रोह बिसेषा। दंभ कपट जियँ धरें सुबेषा॥

वे अवगुणों के समुद्र, मन्दबुद्धि, कामी (रागयुक्त), वेदों के निंदक और जबर्दस्ती पराए धन के स्वामी (लूटने वाले) होते हैं। वे दूसरों से द्रोह तो करते ही हैं, परंतु ब्राह्मण द्रोह विशेषता से करते हैं। उनके हृदय में दम्भ और कपट भरा रहता है, परंतु वे ऊपर से सुंदर वेष धारण किए रहते हैं॥

दो0-ऐसे अधम मनुज खल कृतजुग त्रेताँ नाहिं।
द्वापर कछुक बृंद बहु होइहहिं कलिजुग माहिं॥

ऐसे नीच और दुष्ट मनुष्य सत्ययुग और त्रेता में नहीं होते। द्वापर में थोड़े से होंगे और कलियुग में तो इनके झुंड के झुंड होंगे॥

पर हित सरिस धर्म नहिं भाई। पर पीड़ा सम नहिं अधमाई॥
निर्नय सकल पुरान बेद कर। कहेउँ तात जानहिं कोबिद नर॥

हे भाई! दूसरों की भलाई के समान कोई धर्म नहीं है और दूसरों को दुःख पहुँचाने के समान कोई नीचता (पाप) नहीं है। हे तात! समस्त पुराणों और वेदों का यह निर्णय (निश्चित सिद्धांत) मैंने तुमसे कहा है, इस बात को पण्डित लोग जानते हैं॥

नर सरीर धरि जे पर पीरा। करहिं ते सहहिं महा भव भीरा॥
लकरहिं मोह बस नर अघ नाना। स्वारथ रत परलोक नसाना॥

मनुष्य का शरीर धारण करके जो लोग दूसरों को दुःख पहुँचाते हैं, उनको जन्म-मृत्यु के महान संकट सहने पड़ते हैं। मनुष्य मोहवश स्वार्थपरायण होकर अनेकों पाप करते हैं, इसी से उनका परलोक नष्ट हुआ रहता है॥

(क्रमशः...)

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए हटने की बहस पर पूर्ण विराम लगना ही देशहित में

भारत की संप्रभुता और जम्मू-कश्मीर प्रान्त के लिए 11 दिसंबर 2023 एक ऐतिहासिक दिन बनकर आया। इस दिन उच्चतम न्यायालय की पांच जजों की संविधान पीठ ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए को हटाने के निर्णय को वैध ठहराते हुए कहा कि यह एक अस्थाई धारा थी जिसे आज नहीं तो कल हटना ही था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 370 एक अस्थायी व्यवस्था थी। अदालत ने कहा कि भारत का संविधान जम्मू-कश्मीर के संविधान से ऊंचा है और अनुच्छेद-370 को बेअसर करने से जम्मू-कश्मीर को भारत के साथ जोड़ने की प्रक्रिया मजबूत हुई है। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि धारा 370 को हटाना संवैधानिक रूप से वैध है और केंद्र सरकार का निर्णय बिल्कुल सही है।

उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय में कई महत्वपूर्ण व ऐतिहासक टिप्पणियां की हैं जिनमे कहा गया है कि विलय पत्र पर हस्ताक्षर होने के बाद जम्मू-कश्मीर के पास संप्रभुता का कोई तत्व नहीं है। जम्मू-कश्मीर के लिए कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं है। राष्ट्रपति की शक्ति का प्रयोग राष्टपति के शासन के उद्देश्य के साथ उचित संबंध होना चाहिए। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि जब संविधान सभा भंग कर दी गई तो सभा की केवल अस्थायी शक्ति समाप्त हो गई और राष्ट्रपति के आदेश पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा। राष्ट्रपति द्वारा सत्ता का उपयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं था और राज्य के साथ किसी सहमति की आवश्यकता नहीं थी। राष्टपति द्वारा सत्ता का निरंतर प्रयोग दर्शाता है कि एकीकरण की प्रक्रिया जारी थी और इस प्रकार से सीओ 273 अवैध है। जम्मू-कश्मीर का संविधान क्रियाशील है और इसे निरर्थक घोषित कर दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा और हम लद्दाख को अलग करने के फैसले को बरकरार रखते हैं। उच्चतम न्यायालय ने अंत में कहा कि हम चुनाव आयोग को निर्देश करते हैं कि पुनर्गठन अधिनियम और राज्य के दर्ज 14 की धारा के अंतर्गत 30 सितंबर 2024 तक चुनाव कराये जायें।

न्यायालय ने एक यह व्यवस्था भी दी है कि राज्य में 1980 के बाद हुई सभी प्रकार की आतंकवादी /पलायन की घटनाओं की जांच के लिए एक कमेटी बनायी जाये जो एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात और कश्मीरी पंडितों के लिए न्याय प्राप्ति का मार्ग खोलती है। इस व्यवस्था के आने के बाद 1980 के बाद घाटी में कश्मीरी पंडितों के साथ जो वारदातें हुई हैं उनकी जांच अब की जा सकेगी। उच्चतम न्यायालय की इस बेंच की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ कर रहे थे तथा बेंच में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल थे।

उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर लिखा कि अनुच्छेद-370 को निरस्त करने का निर्णय ऐतिहासिक है। यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाईयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है।

जस्टिस कौल की ऐतिहासिक टिप्पणी

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले में जस्टिस संजय किशन कौल ने कश्मीरी पंडितों के पलायन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हाने 1980 से राज्य में हुए मानवाधिकारों के उल्लंघन की जांच के लिए एक सत्य और सुलह आयोग बनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि यह आयोग आपराधिक जांच आयोग की तरह काम नहीं करेगा। जस्टिस कौल का मानना है कि आतंक के चलते राज्य की महिलाओं, बच्चों और पुरुषों ने बहुत कुछ झेला है। इसे भुलाकर आगे बढ़ने के लिए जख्मों को ठीक करने की जरूरत है। राज्य एवं राज्य से बाहर के तत्वों के द्वारा यहां के लोगों के विरुद्ध किये गये मानवाधिकारों के हनन की सामूहिक समझ विकसित करना ही मरहम लगाने की दिशा में पहला निष्पक्ष प्रयास होगा। आयोग के सहारे काफी हद तक उनकी क्षतिपूर्ति की जा सकती है।

गौरतलब है कि 5 अगस्त 2019 को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत अनुच्छेद 370 व 35 ए को हटाने से सम्बंधित विधेयक संसद के दोनों सदनों से पारित हो जाने के बाद जम्मू-कश्मीर राज्य के परिवारवादी नेता फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती जैसे लोग व कई अन्य संगठन इसके विरुद्ध उच्चतम न्यायालय पहुंच गये थे। उन सभी की याचिकाओं पर अगस्त से सितंबर माह के बीच 16 दिन चली सुनवाई के बाद यह ऐतिहासिक निर्णय आया है जिस पर पर सभी देशवासियों और राजनैतिक दलों सहित अलगाववादी नेताओं और पाकिस्तान की भी दृष्टि थी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ वाली खंडपीठ के फैसले के बाद पाक परस्त अलगाववादी नेताओं व कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गयी है। उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुच्छेद-370 व 35-ए को हटाने का निर्णय वैध बताये जाने के बाद जहाँ एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के निर्णय को अब संवैधानिक मान्यता मिल गयी है वहीं दूसरी और कांग्रेस सहित उस संपूर्ण विपक्ष की राजनीति को बहुत गहरा आघात लगा है जो राष्ट्रीय संप्रभुता के इस विषय को भी तुष्टिकरण की राजनीति के चश्मे से देख रही थी।

अनुच्छेद 370 पर विपक्षी नेता और अलगाववादी जो अनर्गल प्रश्न उठा रहे रहे थे उन सभी प्रश्नों का उत्तर उच्चतम न्यायालय ने दे दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब धारा 370 पर पूर्ण विराम लग चुका है। उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद अब जम्मू-कश्मीर देश के अन्य राज्यों की तरह समान व्यवस्था वाला राज्य बन गया है। उच्चतम फैसला आ जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के गुपकार गठबंधन के नेताओं व अलगाववादियों के होश उड़ गये हैं। जम्मू-कश्मीर में गुपकार गठबंधन के सभी नेता जिस प्रकार अदालत के निर्णय को मानने से इंकार करते हुए जिस प्रकार एक लंबे संघर्ष की बात कर रहे हैं वह एक चिंतनीय विषय है। उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर पाकिस्तान से भी प्रतिक्रिया सामने आ गयी है और वहां पर खलबली मची है।

उच्चतम न्यायालय का निर्णय आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर लिखा कि अनुच्छेद-370 को निरस्त करने का निर्णय ऐतिहासिक है। यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हमारी बहनों और भाईयों के लिए आशा, प्रगति और एकता की एक शानदार घोषणा है। न्यायालय ने अपने गहन ज्ञान से एकता के मूल सार को मजबूत किया है। जिसे हम भारतीय होने के नाते बाकी सबसे प्रिय मानते हैं और संजोते हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई भाजपा नेताओं ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय राष्ट्रीय एकता को मजबूत करेगा। अनुच्छेद-370 के कारण जम्मू-कश्मीर में वर्षों से अन्याय सह रहे लोगों को इस निर्णय से मुक्ति मिली है।

राज्य में विकास का नया सूर्योदय

अनुच्छेद-370 के रद्द किये जाने के बाद से ही जम्मू-कश्मीर में विकास की राह खुली है पर अब उच्चतम न्यायालय का निर्णय आ जाने के बाद वहां विकास का नया सूर्योदय होने जा रहा है। वर्ष 2024 में कश्मीर घाटी तक ट्रेन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सड़कों, पुलों एवं सुरंगो के निर्माण से तस्वीर बदल रही है। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए हर साल पहुंचने वाले एक करोड़ श्रद्धालुओं के लिए दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे को मंजूरी दी है। जम्मू-कश्मीर राज्य भी तीव्र गति से डिजिटल हो रहा है और कई योजनाएं व सेवाएं ई-मोड पर उपलब्ध हो चुकी हैं। पर्यटन उद्योग को विकास के नये पंख लग रहे हैं जिसके अंतर्गत जनवरी-2022 से 31 दिसंबर 2022 तक राज्य में एक करोड़ 88 लाख 84 हजार 317 रिकार्ड पर्यटक आये। श्रीनगर की डल झील की रौनक वापस आ गयी है और फिल्मों की शूटिंग भी एक बार फिर प्रारंभ हो चुकी है। राज्य में औद्योगिक गतिविधियां की अब चल पढ़ी हैं जिसके कारण बेरोजगारी की समस्या में भी कमी आ रही है। कुछ माह पूर्व हुई जी20 की बैठक के माध्यम से पूरे विश्व ने एक नया कश्मीर देखा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की सधी हुई और ठोस रणनीति के कारण अब राज्य में आतंकवाद और अलगाववाद धीरे-धीरे समाप्ति की ओर अग्रसर है। राज्य में पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग समाप्त हो चुकी हैं। कश्मीर में 2010 में पत्थरबाजी से 112 लोगों की मौत हुई थी जबकि 2023 में पत्थरबाजी से एक भी मौत नहीं हुई। अब यह बात बिल्कुल स्पष्ट हो गई है कि अनुच्छेद-370 के कारण ही राज्य में अलगाववाद का जहर पनप रहा था वह मूल अब समाप्त हो चुका है किंतु राज्य की सुरक्षा के लिए वहां की जनसांख्यिकीय को भारत के पक्ष में करना ही होगा। अनुच्छेद-370 के समापन के बाद राज्य में विकास का नया सूर्योदय होने जा रहा है जिसमें समाज के सभी वर्गों को न्याय मिलेगा।

-मृत्युंजय दीक्षित

क्या बसपा को खत्म करके मानेंगी मायावती?

हाल ही में संपन्न हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व मिजोरम विधानसभा के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का ग्राफ तेजी से गिरा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ जैसे हिंदी पट्टी वाले प्रदेशों में बहुजन समाज पार्टी एक तीसरे विकल्प के रूप में अपनी ताकत का एहसास कराती आई थी। मगर इस बार के विधानसभा चुनाव में बसपा का पूरी तरह सूपड़ा ही साफ हो गया है। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान में बसपा को 4 प्रतिशत वोट व 6 सीटों पर जीत मिली थी। मगर इस बार यहां बसपा 1.82 प्रतिशत वोटों के साथ मात्र दो सीटों पर ही सिमट गई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में बसपा को मात्र 721037 वोट मिले हैं। मध्य प्रदेश में पिछली बार बसपा को दो सीट व 5.01 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि इस बार के चुनाव में वहां बसपा को 3.40 प्रतिशत यानी 14,77,202 वोट तो मिल गए मगर सीट एक भी नहीं मिली।

इसी तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में पिछली बार बसपा को दो सीटों के साथ 552313 यानी 3.9 प्रतिशत वोट मिले थे। मगर इस चुनाव में वहां बसपा को सीट तो एक भी नहीं मिली उसके साथ ही वोटों में भी गिरावट दर्ज हुई है। वहां बसपा को 319903 यानी 2.05 प्रतिशत वोट ही मिले हैं। तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला। वहां पार्टी को 321074 यानी 1.37 प्रतिशत वोट मिले हैं।

मिजोरम में तो वैसे ही बसपा का कोई नाम लेवा नहीं है। 2022 में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा 53 सीटों पर चुनाव लड़ी मगर एक भी प्रत्याशी नहीं जीत पाया था। वहां पार्टी को 14613 यानी 0.35 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में वहां बसपा ने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था। जिसमें 100 सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के जमानत जप्त हो गई थी। वहां पार्टी को मात्र 158123 यानी 0.5 प्रतिशत मत मिले थे। उतराखंड में बसपा के दो व पंजाब में एक विधायक है।

उत्तर प्रदेश की स्थिति देखें जहां से बसपा का जन्म हुआ था। वहां 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी महज एक सीट ही जीत सकी थी। वहां बसपा को सिर्फ 12.88 प्रतिशत मत मिले थे। वहीं 2017 के विधानसभा चुनाव में 19 सीट व 22.31 प्रतिशत वोट मिले थे। 2012 की विधानसभा चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 80 सीटों के साथ 25.91 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने 30.43 प्रतिशत वोटो के साथ 206 सीट जीतकर अपने दम पर सरकार बनाई थी। 2002 के चुनाव में बसपा को 98 सीट व 23.6 प्रतिशत वोट मिले थे। 1996 के चुनाव में 67 सीट व 19.64 प्रतिशत वोट मिले थे। 1993 के चुनाव में 67 सीट व 11.12 प्रतिशत वोट, 1991 के चुनाव में 12 सीट व 9.44 प्रतिशत वोट मिले थे। 1989 के चुनाव में पहली बार बसपा ने उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़कर 13 सीट तथा 9.41 प्रतिशत वोट पाए थे।

उपरोक्त आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि बहुजन समाज पार्टी का जनाधार लगातार कमजोर पड़ता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देख तो 2019 के चुनाव में बसपा को उत्तर प्रदेश में 10 सीटें व 3.67 प्रतिशत वोट मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुला था। हालांकि पार्टी को 4.19 प्रतिशत वोट मिले थे। 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में 20 व मध्य प्रदेश में एक कुल 21 सीट व 6.56 प्रतिशत वोट पाए थे। 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 19 सीट जीतकर 5.33 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे।

1999 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 14 सीट जीती थी तथा 4.16 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 1998 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में चार व हरियाणा में कुल पांच सीट जीती थीं तथा 4.67 प्रतिशत वोट पाए थे। 1996 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश से 6 पंजाब से तीन व मध्य प्रदेश से दो यानि कुल 11 सीट जीती थी तथा 4.02 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1991 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने मध्य प्रदेश में एक पंजाब में एक व उत्तर प्रदेश में एक कुल तीन सीट जीती थी वहीं 1.61 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। 1989 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था और पार्टी ने उत्तर प्रदेश में तीन व पंजाब में एक कुल चार सीटे जीत कर 2.07 प्रतिशत वोट पाये थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से समझौता होने के चलते 10 सीटों पर जीत जरूर हासिल कर ली थी। मगर उसके बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने समाजवादी पार्टी से अपना चुनावी गठबंधन समाप्त कर दिया था और एकला चलों की नीति पर ही 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा का चुनाव लड़ा था। जिसमें पार्टी का प्रदर्शन सबसे कमजोर रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां से बसपा एक ताकत बनकर उभरी थी और चार बार सरकार बना चुकी है। वहां मात्र एक सीट पर सिमट जाना पार्टी के नेताओं के लिए बड़े शर्म की बात है।

कांशीराम के जमाने में बसपा का पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे कई प्रदेशों में बड़ा प्रभाव रहता था। लेकिन अब धीरे-धीरे बसपा सिमटने लगी है। बसपा से जीते हुए बहुत से सांसद, विधायक दल बदल कर दूसरे दलों में शामिल हो जाते हैं। जिससे बसपा दिनोंदिन कमजोर होने लगी है। राजस्थान विधानसभा के 2008 व 2018 के चुनाव में बसपा से 6-6 विधायक चुनाव जीते थे। मगर दोनों ही बार सभी विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर गहलोत सरकार में मंत्री व अन्य लाभकारी पदों को हासिल कर लिया था।

कभी बसपा में कैडर पार्टी का मुख्य आधार होता था। मगर आज पार्टी में कैडर नाम मात्र का भी नहीं बचा है। पार्टी के अधिकांश बड़े पदों पर पुराने नेताओं के स्थान पर दलबदलुओं का कब्जा हो गया है। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का अकेले चलो की सोच ने पार्टी को रसातल में पहुंचा दिया है। मायावती ना तो केन्द्र में सत्तारुढ़ भाजपा के साथ जाना चाहती है और ना ही इंडिया गठबंधन में शामिल होना चाहती है। ऐसे में एकला चलो की नीति बसपा के लिए आत्मघाती साबित हो रही है।

बसपा सुप्रीमो मायावतीने अपने भतीजे आकाश आनंद को विधिवत अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है ताकि पार्टी को एक युवा नेता मिल सके। अब आगे उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड कि राजनीति स्वयं मायावती देखेंगी बाकी के प्रदेशों में संगठन का काम आकाश आनंद संभालेंगे। यदि मायावती को अपनी पार्टी का राजनीतिक अस्तित्व बचाना है तो उन्हें भाजपा नीत एनडीए या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में से किसी एक का साथ भी लेना होगा। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए बसपा का जनाधार बचना मुश्किल लग रहा है। केंद्र सरकार के विरोधी इंडिया गठबंधन में शामिल अधिकांश दलों के नेता भी चाहते हैं कि मायावती उनके गठबंधन में शामिल होकर भाजपा के खिलाफ विपक्ष की एकता को मजबूत करें। अब इस बात का फैसला तो खुद मायावती को ही करना है कि वह किसी गठबंधन में शामिल होंगी या फिर अपना एकला चलो का राग ही अलापती रहेंगी।

-रमेश सर्राफ धमोरा

राशिफल

मार्गशीर्ष शुक्ल-चतुर्थी (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
भाग्य साथ देगा, रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा, स्वास्थ्य में सुधार होगा एवं संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
परिस्थितियां प्रतिकूल रहेगी, किसी परेशानी में पड़ सकते हैं, स्वास्थ्य मध्यम एवं संतान अच्छा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा, संतान की स्थिति अच्छी रहेगी, व्यापार भी अच्छा रहेगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। गूढ़ ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
मानसिक चंचलता बनी रहेगी, चंचलता में थोड़ा नियंत्रण रखें। पढ़ने लिखने में समय व्यतीत करें।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी, मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, आपका स्वास्थ्य अच्छा चल रहा है।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यापारिक सफलता मिलेगी, ऊर्जावान बने रहेंगे, स्वास्थ्य एवं प्रेम संतान अच्छा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
कुटुंबों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, प्रेम संतान अच्छा रहेगा, व्यापार भी अच्छा रहेगा।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा, स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी होगी।

मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा, मन व्याकुल रहेगा, अज्ञात भय सताएगा, स्वास्थ्य अच्छा है, प्रेम संतान अच्छा है, व्यापार भी अच्छा है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, यात्रा में लाभ होगा, संपन्नता बढ़ेगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा है।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगा, उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा, स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा।

संकल्प यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गांव धनवास एवं कलौंदा गांव में 'विकसित भारत

संकल्प यात्रा' पहुंची। जहां पर भजपाईयों ने जोरदार स्वागत किया।

धनवास गांव में भाजपा जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए कहा हमे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये स्वदेशी सामान तथा स्वयं की बनी चीजो का उत्पादन और उपयोग करना पड़ेगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता इंद्र नागर, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, संदीप शर्मा, कपिल गुर्जर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रजनी तोमर, मुख्य अतिथि तथा अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, वीरेंद्र भाटी, अतुल गहलोत, विचित्र तोमर, गांव के प्रधान राजू खान, राकेश प्रधान मौजूद थे।

इस कार्यक्रम में आजमगढ़ से सीधे मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। उन्होंने उत्तर प्रदेश के लोगों को एवं लाभार्थियों को अधिकारियों को एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने कोई भी योजना जाति को देखकर नहीं बनाई। गरीब, शोषित, वंचित, पिछड़े को इसका लाभ पहुंचे तथा उन तक पहुंचे ऐसी सरकार की योजना है।

कार्यक्रम में छह महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम भी हुआ एवं सात लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। पाँच लोगों को उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिया गया। गाँव के प्रधान राजू ख़ान को हर घर नल योजना के तहत कलौंदा में 1800 नल घर-घर तक पहुँचाने के लिए प्रशासित-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नया गांव निवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रवि प्रधान के आवास पर कल क्षेत्रीय सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा पहुंचे। इस मौके पर नोएडा महानगर भाजपा के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, योगेन्द्र चौधरी मौजूद रहे।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद डॉ. महेश शर्मा को बधाई देते वरिष्ठ भाजपा नेता ताराचंद नायक। फोटो : चेतना मंच

गेस्ट हाउस का हुआ उद्घाटन

नोएडा (चेतना मंच)। सलारपुर बरौला के मेन सड़क के बगल में ब्लू मून गेस्ट हाउस का उद्घाटन जेल पर्यवेक्षक मूलचंद प्रधान ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गेस्ट हाउस में बाहर से आने वाले लोगों के रुकने की उत्तम व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर भारी संख्या में शहर के संभ्रांत लोग मौजूद रहे। यह गेस्ट हाउस जेल पर्यवेक्षक मूलचंद प्रधान ने बनवाया है।

महिला जज ने मांगी इच्छा मृत्यु

लखनऊ (एजेंसी)। बांदा में न्यायिक विभाग में तैनात एक महिला जज ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की मांग की है। बांदा की महिला सिविल जज ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को लिखे पत्र में कहा कि वह शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का दंश झेल रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट के बांदा में तैनात महिला सिविल जज ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को लिखे पत्र में कहा कि, वह बहुत उत्साह के साथ न्यायिक सेवा में शामिल हुई थी, सोचा था कि आम लोगों को न्याय दिला पाएंगी, लेकिन उन्हें क्या पता था कि न्याय के लिए हर दरवाजे का भिखारी बना दिया जाएगा। सिविल जज ने कहा कि वह काफी निराश हैं।

विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दर्शाई गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी:-

04085/04086 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04085		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04086	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:30	नई दिल्ली	06:25	--
11:25	--	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	--	18:30

चलने की तिथि : 04085 नई दिल्ली से दिनांक 22.12.2023 एवं 29.12.2023 को (शुक्रवार) एवं **04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 24.12.2023 एवं 31.12.2023 को (रविवार)।

स्थान: 3टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव: सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलन्धर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

04071/04072 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04071		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 04072	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	23:30	नई दिल्ली	06:25	--
11:25	--	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	--	18:30

चलने की तिथि : 04071 नई दिल्ली से दिनांक 23.12.2023 एवं 30.12.2023 को (शनिवार) एवं **04072 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 25.12.2023 एवं 01.01.2024 को (सोमवार)।

स्थान: 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव: सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलन्धर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

02351/02352 पटना जं. – आनन्द विहार (ट.) – पटना जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02351		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 02352	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	16:00	पटना जं.	21:55	--
06:00	--	आनन्द विहार (ट.)	--	08:00

चलने की तिथि : 02351 पटना जं. से दिनांक 17.12.2023 से 31.12.2023 तक (रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार) को एवं **02352 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 18.12.2023 से 01.01.2024 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को ।

स्थान: प्रथम वाता., 2टियर वाता, 3टियर वाता. एवं 3टियर वाता. इकानमी, शयनयान सामान्य।

ठहराव: दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

05565/05566 सहरसा जं. – अम्बाला कैंट जं. – सहरसा जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 05565		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 05566	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	19:30	सहरसा जं.	09:45	--
23:15	--	अम्बाला कैंट जं.	--	03:40

चलने की तिथि : 05565 सहरसा जं. से दिनांक 21.12.2023 से 28.12.2023 तक (गुरूवार) को एवं **05566 अम्बाला कैंट जं.** से दिनांक 23.12.2023 से 30.12.2023 तक (शनिवार) को ।

स्थान: सामान्य।

ठहराव: सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया जं., हसनपुर रोड, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर जं., सीतापुर, जं., मुरादाबाद जं. एवं सहारनपुर जं. स्टेशन।

03227/03228 आरा जं. – आनन्द विहार (ट.) – आरा जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 03227		↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं. 03228	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	15:45	आरा जं.	04:00	--
07:15	--	आनन्द विहार (ट.)	--	09:30

चलने की तिथि : 03227 आरा जं. से दिनांक 18.12.2023 से 29.12.2023 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को एवं **03228 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 19.12.2023 से 30.12.2023 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार) को ।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव: बिहिया, डुमराँव, बक्सर, गहमर, दिलदार नगर जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

3939/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

वाहनों के लिए नए ट्रैफिक रूल्स लागू उल्लंघन करने पर दर्ज होगी रिपोर्ट

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। हाईटेक सिटी नोएडा और आधुनिक शहर ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले चालकों को अब नए नियमों का पालन करना होगा। यहां पर नए ट्रैफिक रूल्स लागू कर दिए गए हैं। नए ट्रैफिक रूल्स के लागू होने के चलते नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सड़कों पर फर्राटा भरने वाले वाहनों की स्पीड कम कर दी गई। नई स्पीड लिमिट से ज्यादा तेज रफ्तार पर वाहन चलाने वालों के न केवल चालान काटे जाएंगे बल्कि उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी।

आपको बता दें कि सर्दी का मौसम शुरू हो गया है और कोहरा भी पड़ना शुरू हो गया है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे समेत कई महत्वपूर्ण सड़कें हैं, जिन पर दिनभर हजारों वाहन फर्राटा भरते हैं। कोहरा पड़ने के कारण इन सड़कों पर हादसे होने की संभावना बनी रहती है। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने नोएडा और ग्रेटर नोएडा में वाहन चालकों के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। इन नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के जहां चालान काटे जाएंगे, वहीं उनके खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की जाएगी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे जनपद गौतमबुद्धनगर में लागू की गई नई स्पीड लिमिट के तहत भारी वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 80 किमी प्रति घंटे से 60 किमी प्रति घंटे कर दी गई है। एलिवेटेड रोड पर छोटे वाहनों की गति सीमा 50 किमी. प्रति घंटे और भारी वाहनों के 40 किमी. प्रति घंटा कर दी गई है। जबकि नोएडा के रजनीगंधा चौराहे से सेक्टर 56 टी-प्वाइंट, सेक्टर 18 से सेक्टर 60 अंडरपास, कालिंदी कुंज से सेक्टर 122 (एमपी रोड 3) पर वाहनों की गति सीमा 80 से घटाकर 60 किमी. प्रति घंटे कर दी गई है।

यमुना एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे और एलिवेटेड रोड समेत शहर की कई सड़कों पर शुक्रवार से नई गति सीमा लागू हो गई। पहले दिन ही गति सीमा का उल्लंघन करने वाले 468 वाहनों के चालान काटे गए। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि यमुना और नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे समेत सात सड़कों पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा कम कर दी गई है। यमुना और नोएडा ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की अधिकतम रफ्तार 100 किमी. प्रति घंटे से घटाकर 75 किमी. प्रति घंटे कर दी गई है।

स्टेडियम में 21 से शुरू होगा महाकौथिग : घिल्डियाल

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा स्टेडियम में 21 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे महाकौथिग 2023 में मंच पर उत्तरकाशी के शिव मंदिर की प्रतिमूर्ति स्थापित की जायेगी

यह जानकारी महाकौथिग आयोजन कर्ता पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था के अध्यक्ष आदित्य घिल्ड्याल द्वारा प्रदत्त की गयी।। श्री घिल्ड्याल ने बताया कि हर बार की तरह मंच पर उत्तराखंड के पावन तीर्थ स्थलों की श्रृंखला के अंतर्गत उत्तर काशी के पावन शिव मंदिर की प्रतिमूर्ति मंच पर विद्यमान होगी, पिछले महाकौथिग में भगवान महाशु और उससे पिछली बार केदारनाथ की प्रतिमूर्ति भी इसी श्रृंखला के भाग रहे हैं, श्री घिल्ड्याल ने आगे बताया कि काशी से जब भगवान शिव ने उत्तर में प्रस्थान किया तो इस स्थल को उत्तर काशी कहा जाने लगा, इसी तर्ज पर भगवान शिव के पावन मंदिर उत्तरकाशी को इस बार महाकौथिग की थीम बैकग्राउंड में रखा गया है। यह महाकौथिग केवल उत्तराखंड की संस्कृति से मिलने का मौका नही अपितु आस्था का महासंगम है। हर बार की तरह इस बार भी उत्तराखंड के सांस्कृतिक जीवन, रहन सहन, खान पान जैसी सभी गतिविधियों को इस मेले के माध्यम से साझा किया जायेगा।

मेडिकल डिवाइस पार्क व एपरेल पार्क का किया निरीक्षण

नोएडा (चेतना मंच)। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गा शंकर मिश्रा द्वारा यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक सेक्टरों यथा सेक्टर 28, 29, 32 तथा 33 का दौरा किया गया। यमुना प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 28 में विकसित किए जा रहे हैं। देश के सबसे बड़े मेडिकल डिवाइस पार्क के अंतर्गत किए जा रहे हैं विकास एवं निर्माण कार्यों की भौतिक समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने मेडिकल डिवाइस पार्क के विकास पर संतोष जाहिर किया गया। मेडिकल डिवाइस पार्क के साथ साथ मुख्य सचिव को अपैरल पार्क क्लस्टर, सेक्टर 32 वह सेक्टर 33 के क्लस्टर के निर्माण कार्यों से भी अवगत कराया गया। मुख्य सचिव द्वारा सेक्टर 32 में स्थापित सूर्य ग्लोबल कंपनी प्लांट का भ्रमण भी किया गया। प्लांट पर प्रिया गोल्ड ग्रुप के निदेशक शेखर अग्रवाल द्वारा मुख्य सचिव का स्वागत किया गया।

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने को पुलिस ने छेड़ा अभियान

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सर्दी में पड़ने वाले कोहरे में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान के जरिए जहां सड़क

हादसों में कमी लाने का प्रयास किया जाएगा, वहीं वाहन चालकों को भी सुरक्षा का पाठ पढ़ाया जाएगा।

नोएडा कमिश्नरेट पुलिस की ओर से शुक्रवार से एक विशेष अभियान की शुरूआत की गई है। वाहन चालकों तथा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से सम्भागीय परिवहन कार्यालय सेक्टर-32, नोएडा में यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाकर जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना कर गौतमबुद्धनगर में सड़क सुरक्षा पखवाडा 2023-24 का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर यातायात पुलिस/परिवहन विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण, ऑटो/ टैम्पों/ई-रिक्शा चालक व आमजन सहित कुल 250 व्यक्ति उपस्थित रहे।

इसके अलावा 14 व 15 दिसंबर को पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत यातायात पुलिस ने जाति सूचक शब्द, पद पट्टिका, गलत नम्बर प्लेट, कारों आदि पर काली फिल्म आदि का प्रयोग करने पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गई। जिसके तहत वाहनों पर जाति सूचक शब्द, सम्प्रदाय सूचक, पद पट्टिका व अन्य आपत्तिजनक शब्द लिखे 849 वाहनों के चालान काटे गए। चार पहिया वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगी होने पर 233 वाहनों का चालान किया गया, जबकि अन्य तरीके से यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 9380 वाहनों का चालान किया गया।

ग़ाज़ियाबाद में शक्ति समाधान सामाजिक संस्था द्वारा सरदार पटेल की पुण्य तिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी में शिरकत करते उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन (राज्यमंत्री) कैप्टन विकास गुप्ता। गोष्ठी को डा दिनेश शर्मा, सांसद में मुख्यअतिथि के रूप में संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वी सिंह ने की। आयोजक संजीव शर्मा एवं पप्पू पहलवान भी मौजूद थे।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

उत्तर मध्य रेलवे

G20

ई-निविदा सूचना — प्रयागराज मण्डल

ई-टेण्डर नं. पीआरवाइजे-सिग-060-2023-24

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से **मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज** द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये **खुली निविदा**, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:**

कार्य का विवरण: प्रयागराज मण्डल के छिंवकी (पी.सी.ओ.आई) स्टेशन पर स्वचालित अग्नि पहचान अलार्म और दमन प्रणाली का प्रावधान।

क्र.सं.	निविदा नं.	अनुमानित मूल्य (₹)	बिड सिक्योरिटी (₹)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)
1	060	17996235.29	240000/-	0.00

कार्य समापन की अवधि: छः माह, **निविदा खुलने की तिथि:** 08.01.2024, **2. निविदा पत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **3. बिड सिक्यूरिटी जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्यूरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्यूरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिए। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ.प्र. स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्यूरिटी वाली निविदाएं खारिज कर दी जायेगी। **4. निविदा खुलने का समय तथा स्थान:** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **5. निविदा की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **6. निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार:** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/ संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 2027/23 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

चोरी की बाइक से लूटते थे मोबाइल

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए बदमाश के पास से लूट गए 4 मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर बाइक में चाकू बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम रजत विहार के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सेक्टर 55-56 की तरफ से बाइक पर आ रहे दो युवकों को पुलिस ने रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भगाने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस ने जब पीछा किया तो तेज गति में जा रहे युवकों की बाइक रोड पर लगे बैरियर्स से टकराकर गिर पड़ी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने दोनों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से चाकू व मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सावेज पुत्र परवेज तथा हैदर पुत्र असलम निवासी त्रिलोकपुरी दिल्ली बताया।

थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उनके पास से बरामद बाइक चोरी की है और उन्होंने इसे दिल्ली से चोरी किया था। चोरी की बाइक को वह मोबाइल लूट की वारदातों में प्रयोग करते थे। चोरी की बाइक पर सवार होकर वह राह चलते लोगों से मोबाइल फोन लूटने की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

मदद के बहाने बदल दिया एटीएम, खाता किया खाली

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। एटीएम बूथ में मदद करने के बहाने दो जलसाजो ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदल दिया। बदले गए एटीएम कार्ड के जरिए जलसाजों ने खाते से 50 हजार रूपए निकाल लिए। पीड़ित ने इस संबंध में थाना ईकोटेक 3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम हमीरपुर निवासी रंजीत शाह ने बताया कि वह बीते 10 दिसंबर की शाम को हबीबपुर में एटीएम बूथ पर पैसा निकालने के लिए गया था। एटीएम बूथ में दो युवक पहले से ही मौजूद थे। इनमें से एक युवक बूथ से बाहर निकल आया जबकि दूसरा बूथ के अंदर ही खड़ा रहा। उक्त युवक ने कहा कि उसके पैसे नहीं निकल रहे हैं। इसलिए वह अपने पैसे निकाल ले। रंजीत शाह के मुताबिक उसने एटीएम कार्ड मशीन में डाल कर पिन नंबर डाला। इस दौरान बूथ में खड़े युवक ने उसका पिन नंबर देख लिया। एटीएम मशीन से पैसे ना निकलने पर उक्त युवक ने कहा कि वह कार्ड उल्टा डाल रहे हैं। मदद करने के बहाने उसने कार्ड उनके हाथ से ले लिया और बड़ी चालाकी से कार्ड को बदल दिया इसके बाद युवक एटीएम बूथ से बाहर चला गया कुछ देर बाद उसके मोबाइल फोन पर खाते से 50000 रूपये निकालने का मैसेज आया। पीड़ित ने बताया कि उसने तुरंत बैंक को सूचना देकर अपने एटीएम कार्ड को ब्लॉक कराया।

फोन हैक कर निकाल ली नगदी

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर 22 में रहने वाली एक युवती को जालसाज ने अपने जाल में फंसा कर बैंक खाते से 45000 रूपये निकाल लिए पीड़िता ने साइबर सेल के साथ-साथ थाना सेक्टर 24 में अज्ञात जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 22 निवासी रंजना बिष्ट ने बताया कि बीते दिनों उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया उक्त व्यक्ति ने बताया कि गलती से उसके खाते में 60 हजार रूपए की धनराशि ट्रांसफर हो गई है। उक्त व्यक्ति ने पैसे ट्रांसफर होने का बैंक संबंधी एक फर्जी मैसेज भी उसके पास भेजा। उसने गलती से ट्रांसफर हुई धनराशि वापस भेजने का आग्रह किया। रजनी बिष्ट के मुताबिक फोन पर बात करने के दौरान ही उक्त व्यक्ति ने उसके खाते से पेटीएम द्वारा दो बार में 45000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। बैंक से मैसेज आने पर उसे पैसे ट्रांसफर होने की जानकारी मिली। उसने जब बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते में 60000 रूपये ट्रांसफर नहीं हुए थे। जालसाज ने बात करने के दौरान उसके फोन को हैक कर धनराशि ट्रांसफर कर ली।

थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है इस मामले में सर्विलांस सेल का भी सहारा लिया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के जेवर में चला बाबा का बुल्डोजर, दिखाई दिया अजब नजारा

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थित जेवर कस्बे में गजब का नजारा देखने को मिला। जेवर के मेन चौराहे व अन्य स्थानों पर नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाते हुए बुल्डोजर चलाया। मजेदार बात यह रही कि बुल्डोजर चलाकर पालिका अतिक्रमण हटाते हुए नगर पालिका की टीम आगे बढ़ती गई और पीछे से दुकानदारों ने फिर अतिक्रमण कर जेवर नगर पालिका की कार्रवाई की हवा निकाल दी। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पालिका की टीम व दुकानदारों के बीच काफी नोंक-झोंक भी हुई।

ग्रेटर नोएडा के पास स्थित जेवर कस्बे के मेन चौराहे पर दुकानों के सामने अवैध तरीके से किये गये अतिक्रमण को हटाने को नगर पंचायत जेवर के कर्मियों ने पुलिस बल व सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर बुल्डोजर की मदद से अवैध अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान दुकानदारों की नगर पंचायत कर्मियों के साथ तीखी नोंकझोंक भी हुई।

नगर पंचायत जेवर के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार व जेवर चौकी इंचार्ज संसार सिंह व अनु प्रताप सिंह ने पुलिस बल व सफाई कर्मचारियों को साथ लेकर जेवर के मेन चौराहा, झाझर रोड़, खुर्जा रोड़, टप्पल रोड़ पर बाबा का बुल्डोजर चलाया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों से दुकानदारों की तीखी नोंकझोंक के बाद दुकानों के सामने लगाये गये टीन शेडो के अलावा दुकानों के सामने अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाया गया जिसको लेकर दुकानदारों ने अतिक्रमण को हटाने के नाम पर भेदभाव करने का आरोप लगाया अतिक्रमण हटाने के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

दुकानदारों ने फिर जमाया अतिक्रमण

गुरुवार को ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के जेवर कस्बे के मैन मार्गों से अतिक्रमण हटाने के बाद टीम आगे बढ़ती गयी और दुकानदार पीछे से अतिक्रमण करते गये जिससे नगर पंचायत द्वारा चलाया गया अतिक्रमण अभियान टांय-टांय फिस होता नजर आ रहा है। लोग कह रहे हैं कि जेवर सें बाबा का बुल्डोजर फेल हो गया है।

एफआईआर दर्ज होगी

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में नगर पालिका (नगर पंचायत) अकेली नगर पालिका है। जेवर नगर पंचायत के ईओ सतीश कुमार ने बताया कि किसी भी कीमत पर अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण नही करने दिया जाएगा प्रयास होगा की सर्व प्रथम मैन चौराहा को अतिक्रमण मुक्त किया जायेगा अभियान अब जारी रहेगा खुर्जा रोड़,झाझर रोड़, टप्पल रोड़ पर ठेली लगाने वालों के लिये अलग अलग स्थान चयनित कर दिया है जल्द ही मैन बाजार को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया जायेगा अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नोटिस जारी कर एफआईआर भी पंजीकृत कराया जायेगा।

कोट नहर में मिला महिला का शव

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना दादरी क्षेत्र के कोट नहर से एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव कई दिन पुराना होने के कारण सड़ गल गया जिस कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि कोट नहर में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सब को नहर से बाहर निकलवाया। कई दिन पुराना होने के कारण शव गल गया। पुलिस ने मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका की उम्र करीब (35 वर्ष) के आसपास है। उन्होंने आशंका व्यक्त कि की युवती का शव कहीं पीछे से बह कर आया है। मृतका की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस को सूचना दी गई है। वही आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवती की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नहर में फेंका गया है।

ट्रेन की चपेट में आकर मिला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बिसरख क्षेत्र के चिपियाना गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहा एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि चिपियाना गांव के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई है। मृतक की शिनाख्त बदायूं निवासी 27 वर्षीय शिवकुमार के रूप में हुई। शिवकुमार हाल में शंकर विहार कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उत्तर मध्य रेलवे को मिला राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार का प्रथम पुरस्कार

प्रयागराज (चेतना मंच)। उत्तर मध्य रेलवे द्वारा विभिन्न ऊर्जा दक्ष तकनीकी उपायों प्रयासों द्वारा

कुल 17 क्षेत्रीय रेलवे की प्रतिस्पर्धा में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2023 का प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अन्य निकायों के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित ऊर्जा संरक्षण दिवस के समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सतीश कुमार महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे तथा अनूप कुमार अग्रवाल प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा ग्रहण किया गया।

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 11.13 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट, सभी 338 रेलवे स्टेशनों, सभी 265 रेलवे सर्विस बिल्डिंग एवम सभी रेल आवासों में शत प्रतिशत ऊर्जा दक्ष एलईडी ट्यूबलाइट, पंखे व स्टार रेटिंग के एयर कंडीशनर लगाए गए।

इससे वर्ष 2022-23 में 12.521 मिलियन यूनिट ऊर्जा की बचत व रेलवे राजस्व में 5.17 करोड़ रुपये की बचत हुई ।

सोलर पावर प्लांट द्वारा सस्ती एवम पर्यावरण अनुकूल बिजली खरीदने एवम पूरे उत्तर मध्य रेलवे में 3222 रूट किलोमीटर में शत प्रतिशत पर विद्युतीकरण करने से डीजल की खपत में एवं समय में 95 प्रतिशत प्रतिशत की कमी आई जिससे रेल राजस्व की बचत हुई ।

इसके अतिरिक्त 3 फेज एसी लोकोमोटिव के द्वारा रीजेनरेटिव ब्रेकिंग के माध्यम से 138.4 करोड़ यूनिट बिजली की बचत हुई जिससे रेल राजस्व में 900 करोड़ रुपए की बचत हुई है इसके अतिरिक्त कोच लाइटिंग में HOG के द्वारा बिजली प्रदान करने से पावर कार की डीजल खपत में वर्ष 2022-23 में 3645 किलो लीटर की कमी आई है जिससे रेल राजस्व में 32.80 करोड़ रुपए की बचत हुई है ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सभी विद्युत विभाग की टीम को उनके सराहनीय योगदान हेतु बधाई दी गई। इसको सफल बनाने में प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर अनूप कुमार अग्रवाल के निर्देशन में, मुख्य बिजली इंजीनियर/ऊर्जा प्रबंधन श्री के. एम. सिंह एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

जीएसटी कमिश्नर ने की शनि मन्दिर में पूजा अर्चना



नोएडा। सिद्ध पीठ शनिदेव मन्दिर नोएडा मे आज रश्मि सिंह (आई.ए.एस.) कमीशनर जी.एस.टी. एवं माईन्स डिपार्टमेंट जम्मू एवं कश्मीर सरकार ने सेक्टर-14ए स्थित शनिदेव बाबा पर तेलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने गौशाला मे गौवंश को बडे आत्मीयता के साथ गुड एवं चने का प्रसाद खिलाया। इस दौरान मंदिर समिति के कई पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद थे।

पृष्ठ एक के शेष....

आत्मदाह व पर्चे फेंकने ....

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस योजना को अंतिम रूप देने से पहले आरोपियों ने कुछ ऐसे तरीकों पर भी विचार किया था, जिससे वह अपने संदेश को सरकार तक पहुंचा सके। उन्होंने सबसे पहले आत्मदाह करने का विचार किया था, लेकिन बाद में इस फैसले से पीछे हट गए।

इसके अलावा उन्होंने संसद के अंदर पर्चे बांटने पर भी विचार किया, लेकिन वे अपनी नई योजना पर आगे बढ़े। अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस की एक टीम मामले के संबंध में मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा का बयान दर्ज कर सकती है।

बता दें कि मामले की जांच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल कर रही है। गिरफ्तार किए गए सभी पांच आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में एक और आरोपी महेश को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस सभी आरोपियों को उनके घर ले जाकर सबूत इकट्ठा करने पर भी विचार कर रही है।

शक की वजह से ....

शोर सुनकर आस-पड़ोस के किराएदार मौके पर पहुंच गए इसके बाद दिनेश चाकू लहराता हुआ मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में परिजन पवन को उपचार के लिए शारदा अस्पताल लेकर पहुंचे उपचार के दौरान पवन की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि दिनेश अपनी पत्नी को लेकर पवन पर शक करता था। इसी शक की वजह से उसका पूर्व में भी पवन से झगड़ा हुआ था। बीती रात्रि भी हुई वारदात इसी शक का नतीजा बताई जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीम में लगातार संभावित स्थानों पर दबिज दे रही हैं। मृतक पवन ट्रक चलाता था।

डासना जेल में हड़कंप,....

आठ से 14 दिसंबर तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला कारागार डासना में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। सात दिवसीय शिविर में 4308 जेल बंदियों में से 4050 की स्क्रीनिंग हुई।

इसमें एसटीडी (सेक्सुअली ट्रांसमिटेड डिजीज), स्युमन इम्यूनो डिफिशिएंसी वायरस (एचआईवी), टीबी (क्षय रोग) और हेपेटाइटिस की जांच की गई। जांच के दौरान सात जेल बंदी एचआईवी पॉजिटिव मिले, इनमें एक महिला बंदी भी शामिल है।

जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ. अमित विक्रम ने बताया कि जिला कारागार में लगाए गए सात दिवसीय जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से काउंसलर बिहारी ठाकुर, राहुल वर्मा, रेणु यादव और सुमन चौधरी के अलावा लैब टेक्नीशियन जयकेश यादव की ड्यूटी लगाई गई थी।

ससुराल में दामाद की....

परिजनों ने संदेह व्यक्त करते हुए थाना जारचा पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी के मुताबिक प्रारंभिक जांच में पता चला है कि शमशाद शराब का अत्यधिक सेवन करता था। ससुराल वाले शराब के अत्यधिक सेवन के कारण शमशाद की मौत होना बता रहे हैं। शमशाद के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

आईएएस के बिगडैल....

प्रिया ने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट के माध्यम से एक पोस्ट और कुछ फोटो शेयर किए हैं। प्रिया की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। प्रिया का आरोप है कि उसके प्रेमी ने उसे अपनी एसयूवी से उसे कुचलने की कोशिश की है। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

बताया जाता है कि पीड़िता प्रिया, एक प्रोफेशनल ब्यूटीशियन हैं। प्रिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह बात साझा की है। यह घटना 11 दिसंबर को हुई थी। पुलिस ने आरोपी अश्वजीत और दो अन्य के खिलाफ कई धाराओं के तहत कासरवडवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया था।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही पोस्ट के अनुसार, प्रिया ने लिखा है, 'मुझे न्याय चाहिए। दोषी अश्वजीत अनिल कुमार गायकवाड़, महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम के संयुक्त प्रबंध निदेशक अनिल कुमार गायकवाड़ का बेटा है।' उसने अपने पोस्ट में अश्वजीत के दोस्तों, रोमिल पाटील, प्रसाद पाटील और सागर शेल्के, जो सभी ठाणे निवासी हैं, के अलावा अपने प्रेमी के ड्राइवर-सह-अंगरक्षक शिवा का भी नाम लिया। प्रिया ने लिखा है, 'मेरे प्रेमी ने मुझ पर अपनी कार चढ़ा दी और मुझे मरने के लिए सड़क पर छोड़ दिया।'

महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने बताया कि यह घटना घोडबंदर रोड पर एक होटल के पास सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे हुई। यहां महिला अश्वजीत गायकवाड़ से मिलने पहुंची थी। दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। बाद में, जब पीड़िता कार से उतरकर जाने लगी, तो वाहन चला रहे व्यक्ति ने उसे कुचलने की कोशिश की, जिसके कारण वह गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

अधिकारी ने आगे बताया कि पीड़िता का इलाज चल रहा है। मीडिया से बात करते हुए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीड़िता द्वारा अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लगाए गए आरोपों से इनकार कर दिया है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच चल रही है और अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

मोबाइल टॉवरों से...

चोटपुर कॉलोनी के पास ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी कर लिए इसी थाना क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव के पास लगे मोबाइल टावर पर भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि तीनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

सिक्योरिटी गार्ड की ....

कि कुछ बदमाश अपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। इस सूचना के बाद ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने चैकिंग शुरू कर दी। चैकिंग के दौरान स्पलेण्डर बाइक पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्तियों को 6 प्रतिशत प्लॉट पर रूकने का इशारा किया गया, किन्तु वह नहीं रुके और तेज रफ्तार से गांव रोजा याकूबपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर बाइक फिसलकर गिर गई। जिसके बाद बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई।

बदमाश द्वारा फायरिंग किए जाने पर पुलिस ने भी मोर्चा संभाल लिया और बदमाशों पर फायरिंग की। पुलिस की गोली लगने से बदमाश योगेन्द्र उर्फ मेजर पुत्र वेदप्रकाश निवासी रोजा याकूबपुर, थाना बिसरख पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश के कब्जे से 1 अवैध तमंचा कारतूस और स्पलेण्डर बरामद हुई है। अन्य बदमाश अंधेरे के फायदा उठाकर भाग गया।

पकड़े गया बदमाश योगेन्द्र उर्फ मेजर उपरोक्त थाना बिसरख का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध लूट/डकैती के दर्जनों मुकदमे दर्ज है। आरोपी योगेन्द्र उर्फ मेजर द्वारा 14 दिसंबर 2023 को सिक्योरिटी गार्ड धीरज कुमार पुत्र रामशंकर निवासी ग्राम अटवाअली, मर्दानपुर, थाना माधोंगंज, हरदोई वर्तमान पता रोजा याकूबपुर नोएडा की अत्यधिक पिटाई किया जाना और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो जाना बताया गया। इस संबंध में बिसरख थाने पर मुकदमा भी दर्ज है। घायल बदमाश योगेन्द्र उर्फ मेजर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लड़की को भगा ....

जमुना प्रसाद ने बताया कि उसका 13 वर्षीय भतीजा विष्णु उसके पास रहने के लिए आया था 14 दिसंबर की सुबह घर से लापता हो गया। पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

दो महिलाओं सहित तीन की संदिग्ध मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच) ।अलग-अलग स्थान पर दो महिलाओं सहित तीन लोगों की संदिग्ध मौत हो गई। मौत के कारणों का पता जानने के लिए पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करा रही है।

मामूरा गांव में रहने वाला दीपचंद अपनी पत्नी निशा को बेहोशी की हालत में 39 स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत निशा को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना फेज 3 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना बिसरख क्षेत्र में किराए पर रहने वाली सजली सोरेन को परिजन गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान सजली सोरेन की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक सजली चलते-चलते अचानक बेहोश होकर गिर गई थी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं थाना कासना क्षेत्र के कस्बे में सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची थाना कासना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान गंजडुंडवारा कासगंज निवासी नीरज पुत्र सियाराम 32 वर्ष के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि नीरज कस्बे में घूमता रहता था। इधर-उधर छोटा मोटा काम कर वह अपना गुजारा कर रहा था। पुलिस का कहना है कि शवों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

सड़क दुर्घटना में मरा

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर 58 क्षेत्र के सेक्टर 61 में बीती रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बीती रात्रि सेक्टर 61 में सड़क हादसे की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को सड़क किनारे एक युवक लहू लुहान अवस्था में पड़ा हुआ मिला। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाल कर आरोपी चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

महादेव ऐप घोटाले में शामिल गैंगस्टर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर 39 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया। आरोपी महादेव एप के जरिए ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह का सदस्य है।

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर झांसी निवासी हिमांशु पुत्र राजकुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मामला पंजीकृत था और वह इसमें वांछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया हिमांशु महादेव अप के जरिए सट्टा खिलाने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य है। थाना पुलिस ने पूर्व में कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के 18 सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

बीसीसीआई का धोनी को सम्मान...उनके साथ उनकी जर्सी नंबर 7 भी हुई रिटायर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सम्मान देकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 7 नंबर की जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। यह जर्सी धोनी का पर्याय बन गई जो आईसीसी आयोजनों के मामले में भारत के सबसे सफल कप्तान बने हुए हैं। जबकि महान सचिन तेंदुलकर की नंबर 10 जर्सी को भारतीय बोर्ड ने पहले ही रिटायर कर दिया था। भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के योगदान का सम्मान करते हुए धोनी की नंबर 7 जर्सी को भी सूची में जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

बताया जाता हैं कि बीसीसीआई ने भारतीय टीम के खिलाड़ियों से कहा है कि वे भारतीय जर्सी पहनते समय अपनी पीठ पर नंबर 7 नहीं पहन सकते, जैसे किसी को भी नंबर 10 जर्सी चुनने की अनुमति नहीं थी। रिपोर्ट ने भी पुष्टि की है कि नंबर 7 जर्सी भारतीय खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया, युवा खिलाड़ियों और वर्तमान भारतीय टीम के खिलाड़ियों को धोनी की नंबर 7 जर्सी नहीं चुनने के लिए कहा गया है। बीसीसीआई ने खेल में उनके योगदान के लिए धोनी की जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। नए खिलाड़ी को नंबर 7 नहीं मिलेगा है, और बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, नंबर 10 पहले से ही उपलब्ध नंबरों की सूची से बाहर था।

टीम में अपने शुरुआती दिनों के दौरान तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने थोड़े समय के लिए 10 नंबर की जर्सी पहनी थी। हालांकि उस बहुचर्चित प्रकरण के बाद जर्सी को हटा दिया गया था। नंबर 7 जर्सी के मामले में बीसीसीआई ने तेजी से कार्रवाई की और नंबर को खिलाड़ियों की पहुंच से दूर कर दिया। बीसीसीआई अधिकारी ने पुष्टि की कि वर्तमान में भारतीय टीम के खिलाड़ियों को कुल 60 नंबर आवंटित किए गए हैं।

बीसीसीआई के अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, वर्तमान में भारतीय टीम में नियमित खिलाड़ियों और दावेदारों को 60 से अधिक नंबर दिए गए हैं। इसकारण भले ही कोई खिलाड़ी लगभग एक साल या उससे भी अधिक समय के लिए टीम से बाहर हो, हम उसका नंबर किसी नए खिलाड़ी को नहीं देते हैं।

नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को आईटीएफ विश्व चैंपियन पुरस्कार

लंदन (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है।

सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।

साउथ अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सिरीज में मोहम्मद शमी का नाम नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। साउथ अफ्रीका के प्रवास पर गई भारतीय क्रिकेट टीम टी20 और वनडे के बाद टेस्ट सीरीज खेलेगी। रोहित शर्मा की कप्तानी में टेस्ट सीरीज खेलने उतरने वाली टीम को एक बड़ा झटका लगता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दौरे से बाहर हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि वह साउथ अफ्रीका दौरे के लिए उड़ान नहीं भर पाएंगे। भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस साल के अंत में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले बुरी खबर मिली है। 26 दिसंबर यानी बॉक्सिंग डे पर टीम इंडिया साउथ अफ्रीका के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। पहले मुकाबले में रोहित शर्मा की टीम मेजबान पर दबाब बनाना चाहेगी लेकिन इसके लिए उनके पास अहम हथियार नहीं होगा। टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के टेस्ट सीरीज से बाहर होने की खबर है।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज में मोहम्मद शमी चोटिल होने की वजह से नहीं खेल पाएंगे। क्रिकबज की खबर के मुताबिक टीम इंडिया का यह स्टार तेज गेंदबाज टखने की चोट से अब तक नही उबर पाया है। चोटिल होने के बाद भी आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने मुकाबला खेला था। वनडे और टी20 में खेलने वाली टीम के बाद टेस्ट टीम में चुने गए खिलाड़ी उडान भरने वाले हैं। 15 दिसंबर को सभी खिलाड़ियों को कप्तान रोहित शर्मा के साथ रवाना होना है। खबरों की माने तो इस लिस्ट में शमी का नाम नहीं होगा।

भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर दो टेस्ट मैच खेलने वाली है। पहला मुकाबला साल के अंत में 26 से 30 दिसंबर के बीच सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में होगा है। दूसरे मुकाबले की बात करें तो यह अगले साल भारत का पहला मुकाबला होने वाला है। 3 से 7 जनवरी 2024 के बीच केपटाउट के न्यूलैंड्स स्टेडियम में इसे खेला जाना है।

इंटरनेशनल क्रिकेट में कुलदीप यादव ने बनाई 4 हैट्रिक, आईपीएल में भी मचाई धूम

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के 'मिस्ट्री बॉलर' कुलदीप यादव जिनकी उम्र अभी 28 वर्ष है, ने इंटरनेशलन क्रिकेट में 4 हैट्रिक बनाई है। आईपीएल में भी उन्होंने खूब धूम मचाई है। करीब सात साल के इंटरनेशनल करियर में अपनी भरपूर क्षमता दिखाने के बावजूद कुलदीप यादव को भले ही टेस्ट क्रिकेट में कम मौका मिला हो लेकिन वनडे और टी20आई में उन्होंने विकेटों का अंबार लगाया है। 14 दिसंबर 1994 को यूपी के कानपुर में जन्मे कुलदीप जब 10 साल की कच्ची उम्र में क्रिकेट की कोचिंग के लिए गए तो बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बनना चाहते थे। हालांकि पाकिस्तान के महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम उनके आदर्श हुआ करते थे लेकिन क्रिकेट के

शुरुआती दौर में ही कोच कपिल पांडे ने भांप लिया था कि कुलदीप में अच्छा तेज गेंदबाज बनने लायक 'कौशल' नहीं है। उन्होंने कुलदीप को रिस्ट स्पिनर बनने की सलाह दी। कुलदीप ने सलाह पर अमल करते हुए अपनी गेंदबाजी को तराशने के लिए घंटों नेट पर मेहनत की और खुद को देश के बेहतरीन चाइनामैन बॉलर के तौर पर स्थापित किया।

कुलदीप यादव आज शॉर्टर फॉर्मेट के क्रिकेट में भारतीय टीम की आवश्यकता बन चुके हैं। वर्ल्डकप 2023 में कुलदीप यादव की शानदार गेंदों का सामना करना विपक्षी बल्लेबाजों के लिए मुश्किल रहा। टूर्नामेंट के 11 मैचों में उन्होंने 28.26 के औसत और 4.45 की इकोनामी से 15 विकेट हासिल किए। क्रिकेट के जानकार बताते हैं कि किसी भी गेंदबाज के लिए करियर में एक ही हैट्रिक लेना बड़ी उपलब्धि माना जाता है लेकिन कुलदीप चार बार हैट्रिक ले चुके हैं जो एक बड़ी उपलब्धि है। एक बार अंडर-19 वर्ल्डकप में भारतीय टीम के सदस्य के तौर पर, एक बार इंडिया ए की ओर से न्यूजीलैंड के खिलाफ, दो बार भारतीय सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए उन्होंने ऐसा किया है। वर्ष 2014 में भारतीय अंडर-19 टीम के सदस्य के तौर पर स्कॉटलैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट की पहली हैट्रिक ली। उन्होंने लगातार गेंदों पर स्कॉटिश टीम के फैरार, स्टर्लिंग और एलेक्स बाम को आउट करके हैट्रिक दर्ज की थी।

मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी, विश्व कप में पहनी थी

न्यूयॉर्क। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था। निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

मार्श शतक से चूके, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 487 रन

पर्थ। ऑलराउंडर मिशेल मार्श अपने चौथे टेस्ट शतक से चूक गए हैं, लेकिन उनकी 90 रन की शानदार पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 487 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक सात विकेट पर 476 रन बनाए थे, लेकिन दूसरे सत्र में टीम ने 20 गेंद और 11 रन के अंदर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए। इसमें मार्श का विकेट भी शामिल था जिन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे खुर्रम शहजाद (83 रन देकर दो विकेट) ने दूसरे सत्र की पहली गेंद पर बोल्ड किया। मार्श ने अपनी 107 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे एक अन्य तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने इसके बाद बाकी बचे दो विकेट लेने में देर नहीं लगाई। उन्होंने 111 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 5 विकेट पर 346 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी। पाकिस्तान ने सुबह के सत्र में दो विकेट हासिल किए थे और यह दोनों सफलताएं उस जमाल ने दिलाई थी। तेज गेंदबाज ने एलेक्स केरी (34) और मिशेल स्टार्क (12) दोनों को बोल्ड किया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा। उन्होंने 211 गेंद पर 164 रन की पारी खेली।

आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस का बड़ा ऐलान, हार्दिक पांड्या को सौंपी कप्तानी

मुंबई। दो साल बाद मुंबई इंडियंस में कदम रखने वाले हार्दिक पांड्या को आईपीएल के 2024 संस्करण से पहले फ्रेंचाइजी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी है। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया है। पांड्या पांच बार के विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह लेंगे। इस परिवर्तन पर टिप्पणी करते हुए मुंबई इंडियंस के वैश्विक प्रदर्शन प्रमुख महेला जयवर्धने ने कहा, 'यह विरासत निर्माण और भविष्य के लिए तैयार रहने के मुंबई इंडियंस के प्रति सच्चे रहने का हिस्सा है। मुंबई इंडियंस को सचिन से लेकर हरभजन और रिकी से लेकर रोहित तक हमेशा असाधारण नेतृत्व का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने तत्काल सफलता में योगदान देने के साथ-साथ भविष्य के लिए टीम को मजबूत करने पर भी नजर रखी। इसी विचारधारा के अनुरूप हार्दिक पंड्या आईपीएल 2024 सीज़न के लिए मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'हम रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल असाधारण से कम नहीं है। उनके नेतृत्व ने न केवल टीम को अद्वितीय सफलता दिलाई है बल्कि आईपीएल के इतिहास में सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक के रूप में अपनी जगह भी मजबूत की है। उनके मार्गदर्शन में मुंबई इंडियंस अब तक की सबसे सफल और पसंदीदा टीमों में से एक बन गई। हम एमआई को और मजबूत करने के लिए मैदान के अंदर और बाहर उनके मार्गदर्शन और अनुभव की प्रतीक्षा करेंगे। हम एमआई के नए कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या का स्वागत करते हैं और उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।'

दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारत मजबूत स्थिति में

नवी मुंबई (एजेंसी)। दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। अभी दो दिन का खेल बचा है और दूसरी पारी में अब तक 478 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत के पास घरेलू सरजमीं पर पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने का मौका है।

दीप्ति ने भारतीय टीम की पहली पारी में 113 गेंद में 67 रन बनाकर टीम के स्कोर को 428 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद अपनी शानदार फिरकी से इंग्लैंड की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने 5.3 ओवर में चार मेडन और सात रन देकर पांच विकेट चटकाये जिससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई।

इंग्लैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 108 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद दीप्ति के कहर से उसकी पारी सस्ते में निपट गई। टीम ने 10 रन के अंदर आखिरी छह विकेट गंवा दिये। स्नेह राणा ने 25 रन देकर दो जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट चटकाए।

भारत ने पहली पारी में 292 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड को फालोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन

बना लिये। उसकी कुल बढ़त 478 रन की हो गयी और अभी चार विकेट शेष है। स्टंप्स के समय कप्तान हरमनप्रीत कौर 44 और हरफनमौला पूजा वस्त्राकर 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों ने सातवें विकेट के लिए अब तक 53 रन की साझेदारी कर ली है।

दिन का खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिल रही थी। असामान्य उछाल के कारण बल्लेबाजों को परेशानी कर सामना करना पड़ रहा था। भारत को दूसरी पारी में स्मृति मंधाना (26) और शेफाली वर्मा (33) ने 61 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत दिलायी लेकिन इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजों ने इसके बाद भारतीयों को परेशान किया। चार्ली डीन (68 रन पर चार विकेट) और अनुभवी सोफी एक्लेस्टोन (76 रन पर दो विकेट) ने विकेट लिए। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी बल्ले से 27 रन का योगदान दिया।

पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाली शुभा सतीश अंगूली में चोट के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरी जिससे भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना पड़ा। मैच के दूसरे दिन कुल 19 विकेट गिरे जिसमें भारत की पहली पारी के तीन विकेट शामिल है। इसमें से 15 विकेट स्पिनरों के नाम रहे। भारत ने दिन की शुरुआत पहली पारी में सात विकेट पर 410 रन से आगे की लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने 10.3 ओवर में 18 रन के अंदर बाकी बचे तीनों विकेट चटका लिए।

तेज गेंदबाज रेणुका ने इंग्लैंड को पारी के तीसरे ओवर में ही पहला झटका दिया। उन्होंने सोफी डंकली (11) को बोल्ड किया जबकि कप्तान हीथर नाइट (11) वस्त्राकर की गेंद पर पगबाधा हुई। नेट स्किवेर ब्रंट (59) ने इसके बाद सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट (10) के साथ 51 रन की साझेदारी करके मैच में इंग्लैंड को वापसी कराने की कोशिश की। ब्यूमोंट हालांकि गफलत का शिकार होकर रन आउट हो गई। ब्रंट और डैनी व्याट (19) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। दीप्ति ने पारी के 26वें ओवर में व्याट को शॉर्ट लेग पर जेमिमा के हाथों कैच कराया। स्नेहा ने ब्रंट की 70 गेंद में 10 चौके जड़ी पारी को बोल्ड कर खत्म किया। दीप्ति ने इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

मिशन ओलंपिक : प्रियंका गोस्वामी को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास करने की अनुमति मिली

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेगी। उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे। एमओसी ने इसके अलावा लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के विकास ग्रुप में शामिल ग्रीको रोमन पहलवान आशु (67 किग्रा), सूरज (55 किग्रा) और रोनित शर्मा (48 किग्रा) के कजाकिस्तान के अल्माटी में अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। सरकार इन तीनों पहलवान, उनके कोच, फिजियोथैरेपिस्ट और सहयोगी के सभी खर्च उठाएगी। निशानेबाज भवनेश मेंदीरत्ता के विदेशी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। एमओसी ने निशानेबाज रमिता को निशानेबाजी की किट खरीदने और तीरंदाज यशदीप भोगे को तीरंदाजी उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी। इसके अलावा पैरा एथलीट प्रणव सूरमा के खेल उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता, इटली में डब्ल्यूटीटी फीडर बायला में भाग लेने के लिए टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा के लिए वित्तीय सहायता और बैडमिंटन खिलाड़ियों किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान सहयोगी स्टाफ रखने के लिए वित्तीय सहायता को भी मंजूरी दी गई।

नीलामी के दौरान 5 खिलाड़ियों पर ध्यान देगी चेन्नई सुपर किंग्स

नई दिल्ली (एजेंसी)। आगामी 19 दिसंबर को आईपीएल 2024 की नीलामी आ रही है। ऐसे में आईपीएल की बड़ी टीमें मुंबई इंडियंस, आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स पर सबकी नजरें टिक गई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स पांच खिलाडियों पर दांव लगा सकती है। ऐसे में चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का नजरिया देखने लायक होगा। सूत्रों की मानें तो चेन्नई सुपर किंग्स इन पांच सितारा खिलाड़ियों के लिए जा सकता है। इनमें पहला नाम मनीष पांडे का है। अंबाती रायुडू चेन्नई सुपर किंग्स से विदाई ले चुके हैं। ऐसे में उनकी जगह मनीष पांडे आ सकती है। अपनी सधी हुई बल्लेबाजी और एक पारी को संवारने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले पांडे मध्य क्रम में फिट बैठ सकते हैं। दूसरा नाम अल्जारी जोसेफ का आता है। जोसेफ अपनी घातक गति और बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध हैं। वह चेन्नई के गेंदबाजी आक्रमण में गति जोड़ देंगे। तीसरा नाम जोश हेज़लवुड का आता है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से उनके जाने के बाद हेज़लवुड की पीली रैंक में वापसी सीएसके की पेस बैटरी में नई ताकत ला सकती है। शुरुआती सफलताओं लेने और लेंथ पर पक्के हेज़लवुड का अंतरराष्ट्रीय अनुभव हमेशा टीम के काम आता है। चौथा नाम शाहरुख खान का आता है। चेन्नई सुपर किंग्स की नजर तमिलनाडु के विस्फोटक बल्लेबाज शाहरुख खान पर भी होगी। अपने पावर-पैक्ड और इनोवेटिव स्ट्रोक्स के लिए मशहूर शाहरुख निडर फिनिशर हैं। वह इससे पहले पंजाब किंग्स के साथ थे। लेकिन अगर वह चेन्नई में आते हैं तो मध्यक्रम में शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

भारत के लाड़ले गावस्कर का वहां रिकॉर्ड जो 40 साल बाद भी कायम

नई दिल्ली। किसी भी बल्लेबाज के लिए सबसे खूबसूरत पल शतक बनाना और टीम को जीत दिलाना होता है। शतक इसकी तस्दीक करता है कि खिलाड़ी में ना सिर्फ टैलेंट है, बल्कि धैर्य भी है, जो क्रिकेट, खासकर टेस्ट मैच के लिए जरूरी है। अगर कोई बल्लेबाज दोहरा शतक बनाए, तब कहने ही क्या। दुनिया में कुछ चुनिंदा खिलाड़ी ही हैं जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में दोहरे शतक लगाए हैं। और ऐसा क्रिकेटर दुनिया में एक ही है, जिसने टेस्ट मैच की चारों पारियों में दोहरे शतक लगाए हैं। वह क्रिकेटर कोई और नहीं, भारत के लाडले सुनील गावस्कर हैं। गावस्कर का जैसे ही जिक्र आता है, वैसे ही दो रिकॉर्ड याद आ जाते हैं। टेस्ट क्रिकेट में सबसे पहले 10 हजार रन बनाने और सबसे पहले 34 शतक लगाने के रिकॉर्ड उनके नाम पर है। गावस्कर ये रिकॉर्ड बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर थे। हालांकि, ये रिकॉर्ड अब टूट चुके हैं। लेकिन उनका एक रिकॉर्ड ऐसा भी है, जो सालों के बाद भी कायम है। यह रिकॉर्ड है टेस्ट क्रिकेट की चारों पारियों में दोहरे शतक बनाने का, जिस तक कोई भी क्रिकेटर नहीं पहुंच पाया है। गावस्कर ने पहला दोहरा शतक 1971 में वेस्टइंडीज दौरे पर लगाया था। उन्होंने पोर्ट ऑफ स्पेन टेस्ट मैच की तीसरी पारी में वेस्टइंडीज के खिलाफ 220 रन की पारी खेली थी। गावस्कर ने इस मैच की पहली पारी में भी 124 रन बनाए थे। भारत वेस्टइंडीज का यह मुकाबला ड्रॉ खत्म हुआ था। गावस्कर ने करियर का दूसरा दोहरा शतक 1978 में वेस्टइंडीज के ही खिलाफ लगाया। लेकिन इस बार मैदान वेस्टइंडीज का नहीं, बल्कि मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम था। गावस्कर ने इस बार मैच की पहली पारी में ही 205 रन बनाए। हालांकि, इस बार भी भारतीय टीम सनी के दोहरे शतक का फायदा नहीं उठा पाई और मुकाबला ड्रॉ रहा। गावस्कर का अगला दोहरा शतक 1979 में आया। यह भारत और इंग्लैंड का मुकाबला था। गावस्कर ने ओवल टेस्ट की चौथी पारी में 221 रन बनाए।

जूनियर हॉकी विश्व कप: स्पेन के खिलाफ कांस्य पदक मैच में भारत को दिखाना होगा दमखम

कुआलालंपुर (एजेंसी)। अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिससे इस मैच में उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा।

इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम (शीर्ष तीन में शामिल) पर पहुंचना है तो स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा। पूल चरण के मैच में स्पेन ने भारत को 4-1 से हराया था। स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 1-3 से हार के कारण आहत होगी लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी।

भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी। उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था। लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है। उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था लेकिन छह बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उसके खिलाड़ी यह लय बरकरार नहीं रख पाए।

भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उत्तम ने कहा, 'हमें काफी मौके मिले लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा पाए। हमने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने की कोशिश की लेकिन ऐसा करने में नाकाम रहे। हमें गेंद पर नियंत्रण बनाए रखने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'हम अभी टूर्नामेंट से बाहर नहीं हुए हैं और हमें कांस्य पदक का मैच खेलना है। जो कुछ भी हुआ उसे हम नहीं बदल सकते हैं। हमारा पूरा ध्यान अब अगले मैच पर है।' जहां तक स्पेन की बात है तो उसकी टीम अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था जब उसकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत और स्पेन ने पुरुष जूनियर विश्व कप में अभी तक एक दूसरे के खिलाफ आठ मैच खेले हैं। इनमें से स्पेन ने पांच मैच में जीत दर्ज

की है। इस बीच 2021 में भुवनेश्वर में उप विजेता रही जर्मनी की टीम फाइनल में फ्रांस का सामना करेगी। फ्रांस ने पिछली बार कांस्य पदक जीता था।

जिज्ञासा

कीड़ों को भी होता है दर्द का एहसास

भोजन और पशु आहार के लिए सालाना कम से कम एक खरब कीड़े मारे जाते हैं। उन्हें मारने की नियमित विधियों में अत्यधिक गर्मी और ठंड शामिल होती है, जो अकसर उन्हें भूखा रखने से पहले होती है। इसके मुकाबले, हर वर्ष केवलै लगभग 79 अरब स्तनधारियों और पक्षी पशुओं का वध किया जाता है। विद्वानों ने लंबे समय से माना है कई जानवर पीड़ा का अनुभव करते हैं, लेकिन कीड़ों के अपवाद के साथ। लेकिन हमने 300 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों का सर्वेक्षण किया और पाया कि कम से कम कुछ कीड़े दर्द महसूस करते हैं। इस बीच, अन्य कीड़ों का अभी तक पर्याप्त विस्तार से अध्ययन नहीं किया गया है। हमने संभावित रूप से हानिकारक उत्तेजनाओं के प्रति भौंरों की प्रतिक्रिया में अपना स्वयं का अध्ययन भी किया। जिस तरह से उन्होंने उत्तेजनाओं पर प्रतिक्रिया की वह मनुष्यों और अन्य जानवरों में दर्द प्रतिक्रियाओं के समान थी। कीटनाशक हर साल खरबों जंगली कीड़ों को मारते हैं। मृत्यु का वास्तविक कारण अक्सर पक्षाघात, श्वासावरोध या आंतरिक अंगों का घुलना होता है, कभी-कभी कई दिनों तक। अगर कीड़ों को दर्द महसूस होता है, तो कीट पालन और कीट नियंत्रण से उन्हें बड़े पैमाने पर पीड़ा होती होगी। फिर भी पशु कल्याण बहस और कानून लगभग सार्वभौमिक रूप से कीड़ों की उपेक्षा करते हैं। एक कारण यह है कि, अमूमन कीड़ों को अक्सर बहुत ही कम जीवनकाल के साथ बहुत सरल रूप में देखा जाता था। लेकिन इस बात के प्रमाण जमा हो रहे हैं कि कीड़े दर्द महसूस करते हैं।



कीड़ों को दर्द महसूस होता है या नहीं, इस सवाल का जवाब देना मुश्किल है। दर्द एक स्वाभाविक निजी अनुभव है। दर्द का निदान करने में कठिनाई तब होती है जब जिसके बारे में बात की जा रही है, वह बता नहीं सकता, तो सर्जरी के दौरान शिशुओं के अपेक्षाकृत हाल के उपचार से इसका उदाहरण मिलता है।

1980 के दशक तक, कई सर्जनों का मानना था कि बच्चे दर्द महसूस नहीं कर सकते हैं और उनपर शायद ही कभी एनेस्थेटिक्स का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि बच्चों की स्पष्ट प्रतिक्रियाएं, जैसे कि चीखना और छटपटाना, सिर्फ सजगतौ का प्रतीक होती हैं। भले ही हमारे पास अभी भी सबूत नहीं है कि बच्चे दर्द महसूस करते हैं, अब ज्यादातर स्वीकार करते हैं कि यह लगभग निश्चित है कि वह दर्द का अनुभव करते हैं।

किसी भी प्राणी के लिए जो अपनी पीड़ा के बारे में सीधे बता नहीं सकता, हमें सामान्य ज्ञान और संभावना पर भरोसा करने की आवश्यकता है। जितने अधिक दर्द संकेतक पाए जाते हैं, संभावना उतनी ही अधिक होती है।

जानवरों में सुसंगत मानदंड का उपयोग करना महत्वपूर्ण है, और कीड़ों में दर्द के समान व्यवहारिक संकेतकों को देखने के लिए वही मानदंड होना चाहिए जैसा कि एक गाय या पालतू कुत्ते में इस्तेमाल होता है।

मस्तिष्क मे दर्द

अधिकांश जानवर हानिकारक उत्तेजनाओं के परिणामस्वरूप अचानक दर्द होने पर प्रतिक्रिया प्रदर्शित करते हैं। वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि कीट प्रतिक्रिया प्रदर्शित करते हैं। हालांकि, अगर किसी जानवर को संभावित रूप से हानिकारक उत्तेजनाओं का पता लगता है, तो यह जरूरी नहीं कि उन्हें इनसानों की तरह आउच-जैसी प्रतिक्रिया हो, जो अमूमन मस्तिष्क में दर्द का एहसास पहुंचने पर होती है। एहसास और दर्द दोनों कुछ हद तक एक दूसरे से स्वतंत्र रूप से हो सकते हैं।

अन्य दर्द संकेतक

अलग-अलग कीड़ों में दर्द के साक्ष्य का मूल्यांकन करने के लिए हमने जिस प्रक्रिया का इस्तेमाल किया, वह वही थी जिसके आधार पर हाल ही में यूके सरकार ने दो अन्य प्रमुख अकशेरूकीय समूहों, डिकापोड क्रस्टेशियन (केकड़ों, झींगा मछलियों और झींगे सहित) और सेफलोपोड्स (ऑक्टोपस और स्क्वीड सहित) में दर्द की पहचान की ओर उन्हें पशु कल्याण (संवेदना) अधिनियम 2022 में शामिल किया। इस प्रक्रिया में आठ मानदंड हैं, जो यह आकलन करते हैं कि क्या जानवर का तंत्रिका तंत्र दर्द की पहचान कर सकता है और क्या उसका व्यवहार दर्द का एहसास होने का संकेत देता है। मक्खियाँ और तिलचट्टे इनमें से छह मानदंडों को पूरा करते हैं। प्रक्रिया के अनुसार, यह दर्द के लिएै मजबूत सबूतै है। अन्य कीड़ों में कमजोर सबूत के बावजूद, कई अभी भी दर्द के लिएै पर्याप्त सबूतै दिखाते हैं। मधुमक्खियाँ, ततैया और चींटियाँ चार मानदंडों को पूरा करती हैं, जबकि तितलियाँ, पतंगे, झींगुर और टिड्डे तीन को पूरा करते हैं। बीटल, कीड़ों का सबसे बड़ा समूह, केवल दो मानदंडों को पूरा करता है। हमें किसी भी कीट के सभी मानदंडों को विफल करने का कोई सबूत नहीं मिला।

हमारे निष्कर्ष मायने रखते हैं क्योंकि कीड़ों में दर्द के सबूत मोटे तौर पर अन्य जानवरों में दर्द के सबूत के बराबर हैं जो पहले से ही ब्रिटेन के कानून के तहत संरक्षित हैं।ऑक्टोपस, उदाहरण के लिए, दर्द के लिए बहुत मजबूत सबूत दिखाते हैं (सात मानदंड)। यूके सरकार ने ऑक्टोपस और केकड़ों दोनों को पशु कल्याण (संवेदना) अधिनियम 2022 में शामिल किया, कानूनी रूप से दर्द के लिए उनकी क्षमता को मान्यता दी। यूके सरकार ने एक मिसाल कायम कीः दर्द के पुख्ता सबूत कानूनी सुरक्षा की गारंटी देते हैं। कम से कम कुछ कीड़े इस मानक को पूरा करते हैं, इसलिए उन्हें सुरक्षा देने का समय आ गया है। शुरुआत के लिए, हम पशु कल्याण (संवेदना) अधिनियम 2022 के तहत कीड़ों को शामिल करने की सलाह देते हैं, जो कानूनी रूप से दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता की स्वीकारोक्ति होगी। इस अधिनियम के तहत कीड़ों की रक्षा करना कीट अनुसंधान को विनियमित करेगा, परीक्षण किए गए कीड़ों की संख्या को कम करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि प्रयोगों का एक मजबूत वैज्ञानिक तर्क है। अंत में, कीटनाशक जंगली कीड़ों के लिए एक बड़ी कल्याणकारी चिंता है। हम अधिक मानवीय कीटनाशक विकसित करने की सलाह देते हैं, जो कीड़ों को तेजी से मारें और उनकी पीड़ा को कम करें।

द कन्वरसेशन

नया साल आने को है...

नए साल पर बच्चों से पूछें उनके अनुभव

नया साल शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। इस बीते साल के साथ ढेर सारी यादें जुड़ी हैं जो शायद हम सभी को जिंदगी भर याद रहेंगी। अगर आप पैरेंट हैं तो जरा अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय निकाल कर अपने बच्चे से पूछें कि वो इस बीते साल के बारे में क्या महसूस करता है और आने वाले साल यानि 2023 को लेकर किस वजह से उत्साहित है। इसे लेकर आप अपने बच्चे से यहां बताए गए सवाल पूछ सकते हैं। नया साल 2023 शुरू होने से पहले ही अपने बच्चे से ये सवाल पूछ लीजिएगा।



सबसे अच्छा

अपने बच्चे से पूछें कि साल 2022 में उसके लिए सबसे अच्छा और सबसे बुरा क्या रहा। बच्चे के साथ बात शुरू करने का यह तरीका बहुत अच्छा है। उससे पूछें कि उसे इस साल में क्या पसंद आया और किस चीज ने उसका दिल तोड़ दिया। जो चीजें खराब हुईं, उन्हें ठीक करने या दोबारा ना होने पर काम करें। इससे बच्चे को भी एहसास होगा कि उसे क्या करना पसंद है और किन गलतियों को करने से उसे बचना चाहिए।

क्या सीखा

इस सवाल से आप अपने बच्चे को ये एहसास करने में मदद कर सकते हैं कि उसकी इस साल क्या उपलब्धि रही है और उसने क्या गलतियां की हैं और अपनी उन गलतियों से क्या सीखा है। इससे बच्चे को याद रहेगा कि उसे क्या बेहतर करना है, उसकी क्षमता क्या है।

किस गलती को दोहराना नहीं चाहते हो

अपने बच्चे से पूछें कि आने वाले साल में वो अपनी किस गलती को दोहराना नहीं चाहता है। इस सवाल को पूछने से बच्चे में जिम्मेदारी की भावना आएगी और उसे एहसास होगा कि उससे क्या गलत हुआ है जो वो दोबारा नहीं करना चाहता है। इस सवाल को पूछकर आप उसे उसकी गलती का एहसास करवाकर उसे ना दोहराने का काम कर सकते हैं।

सबसे मुश्किल क्या

पूछें कि उसके लिए इस साल में सबसे मुश्किल क्या रहा। पैरेंट्स को अपने बच्चे का आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ाने की कोशिश करते रहना चाहिए। बच्चे को उसकी क्षमता का ध्यान दिलाते रहें। इस सवाल को पूछकर आप उन्हें ये याद दिला रहे हैं कि वो काबिल हैं।

अगले साल क्या करना है

आप अपने बच्चे से पूछें कि वो अगले साल क्या अलग करना चाहता है और साल खत्म होने से पहले प्लान बनाने में उसकी मदद करें। इस सवाल से बच्चे को यह जानने में मदद मिलेगी कि अब उसे आगे क्या करना चाहिए और वो क्या अलग कर सकते हैं। आपका हर सवाल आपके बच्चे को आने वाले साल के लिए बेहतर ही बनाएगा।

टिप्स

बच्चे के कान में दर्द है तो अपनाएं ये ट्रिक

बच्चों और वयस्कों में कान, नाक और गले का कोई विकार होना आम बात है। इन विकारों में एसिड रिफलक्स, एलर्जी, कान में इंफेक्शन, सुनने की क्षमता में कमी, साइनस इंफेक्शन, स्लीप एप्निया, वर्टिगो आदि शामिल हैं।

क्यों होता है इंफेक्शन

नवंबर से फरवरी के बीच कान में इंफेक्शन के मामले बढ जाते हैं और ये बच्चों में बहुत आम हैं। इस दौरान ऊपरी श्वसन तंत्र में बैक्टीरिया के होने से यह इंफेक्शन होता है जो कि कान के मध्य भाग तक पहुंच जाता है। सर्दियों के ठंडा मौसम की वजह से ब?लड सर्कुलेशन म हो जाता है जिससे दर्द और लक्षण बढ़ जाते हैं।

टॉन्सिल भी करते हैं परेशान

एडेनॉइड और टॉन्सिल बढ़ने से बार-बार कान में इंफेक्शन और स्लीप एप्निया होता है। सही उपचार से इनका इलाज किया जा सकता है लेकिन अगर इंफेक्शन बार-बार हो रहा है तो यह किसी अंतर्निहित बीमारी का संकेत है जिसका जल्द से जल्द टेस्ट करवाना आवश्यक है। इंफेक्शन की स्थिति के आधार पर ही एंटीबायोटिक, एंटी-एलर्जिक दवाएं और दर्द निवारक दवाओं से इलाज किया जा सकता है।

क्या करें

बच्चों के कान सर्दी के मौसम में साफ और सूखे रखें। अगर कान में पानी चला गया है तो भी बच?चे को दर्द हो सकता है। इस मौसम में बच्चे के कानों को टोपी से ढक कर रखें। कभी-कभी बैक्टीरिया और वायरस हाथों से भी फैल जाता है इसलिए कीटाणुओं को दूर रखने के लिए बच्चों को साबुन और पानी से हाथ धोने की आदत डालें। बच्चों के आसपास सिगरेट ना पिएं क्योंकि इससे बच?चों के श्वसन मार्ग में सूजन हो सकती है।

अगर आपके बच्चे को ठंड के मौसम में कान में दर्द हो रहा है तो इसे इग्नोर ना करें। बच्चे को ईएनटी डॉक्टर को दिखाएं और ठंड में उसके कानों को ढक कर रखने की कोशिश करें।

परवरिश

ठंड में बच्चे को गर्म रखने का सही तरीका

जब शरीर को ठंड से बचाने और गर्म रखने की बात आती है, तो सबसे पहले यही ख्याल आता है कि बेबी को कई लेयर्स में कपड़े पहना दिए जाएं लेकिन यह सही नहीं होता है। इससे बच्चे में सडन इंफैंट डेथ सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है।

सर्दियों का मौसम बड़ा सुहावना लगता है लेकिन मांओं के लिए यह मौसम कुछ चुनौतियां भी लेकर आता है जैसे कि इस मौसम में अपने बेबी को गर्म कैसे रखें। दो साल की उम्र तक बेबी वयस्कों की तरह खुद अपने बॉडी टेंपरेचर को रेगुलेट नहीं कर पाते हैं। इसलिए आपको ही उसे सर्द मौसम में गर्म रखने की तैयारी करनी होगी। जब शरीर को ठंड से बचाने और गर्म रखने की बात आती है, तो सबसे पहले यही ख्याल आता है कि बेबी को कई लेयर्स में कपड़े पहना दिए जाएं लेकिन यह सही नहीं होता है। इससे बच्चे में सडन इंफैंट डेथ सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है। बेबी को ओवरहीट और गर्म रखने के बीच संतुलन बनाकर चलना काफी मुश्किल काम हो सकता है। हालांकि कुछ उपाय करके आप सर्दियों में अपने बच्चे को गर्म रख सकते हैं।

बेड पर क्या पहनाएं

सर्दी में बच्चे के हाथ और पैर आसानी से ठंडे हो जाते हैं इसलिए आप इन्हें गर्म रखने की तैयारी करें। बेबी को ऊनी और हल्के फ्लीस गारमेंट पहनाएं। हाथ पर दस्ताने और पैरों में जुराब पहनाकर रखें। बहुत ज्यादा कपड़े पहनाकर रखने से बेबी को खुजली हो सकती है इसलिए ऐसा करने से बचें।

बेबी के लिए कब है ज्यादा ठंड

आपको यह जानने में दिक्कत हो सकती है कि बेबी के सोने के लिए कब ज्यादा ठंड है और कब कम सर्दी है। बेबी के कमरे का सामान्य तापमान 20 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच होना चाहिए। इससे नीचे टेंपरेचर होने का मतलब है कि बेबी के सोने के लिए ठंड ज्यादा है। ठंड की वजह से सोते हुए ही बच्चे को जुकाम हो सकता है। खिड़कियां बंद रखें और कमरे में रूम हीटर का इस्तेमाल करें।

कैसे जानें बेबी को ठंड लग रही है

सर्दी में बेबी की बॉडी का टेंपरेचर चेक करने के लिए आप उसके पेट और गर्दन के पीछे हाथ लगाएं। अगर ये हिस्से ठंडे पड़े हैं तो बच्चे को कुछ और कपड़े पहनाएं। आप बेबी के हाथ-पैर भी देख सकती हैं कि वो ठंडे हैं या नहीं।

कैसी ब्लैंकेट चुनें

आप बेबी के लिए हल्की ब्लैंकेट ही चुनें। भारी कंबल आदि से बच्चे को घुटन हो सकती है। आप बेबी के ऊपर हल्की-हल्की कई चादरें डाल सकती हैं। आप स्लीप सैक्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये पहनने वाली ब्लैंकेट होती हैं और इनके बाद कंबल या रजाई ओढ़ने की जरूरत नहीं रह जाती है।

बेबी को ओवरहीटिंग से कैसे बचाएं

ठंड से बचने के लिए बेबी को कई लेयर्स में कपड़े पहनाने पर बॉडी ओवरहीट कर सकती है। इससे बच्चे को सडन इंफैंट डेथ सिंड्रोम का भी खतरा रहता है। आप बेबी का बॉडी टेंपरेचर चेक करते रहें और उसके हिसाब से ही लेयर्स कम या ज्यादा करते रहें। अगर रूम हीटर चल रहा है तो कमरे में हवा का प्रवाह भी होना चाहिए।

दिमाग लगाओ



रंग भरो



शब्द बनाओ

रास्ता ढूंढ़ो



शेफाली जरीवाला बोलीं- ट्रोलिंग से नहीं पड़ता फर्क

आज से तकरीबन दो दशक पहले कांटा लगा रीमिक्स विडियो से शोहरत पाने वाली शेफाली जरीवाला कुछ गिनी-चुनीं फिल्मों और बिग बॉस जैसे रियलिटी शोज में नजर आईं। मगर उनके काम से ज्यादा उन्हें सोशल मीडिया ने सामयिक रखा। इन दिनों वह अपने नए शो शैतानी रस्मों से चर्चा में हैं। उन्होंने बातचीत के इस दौरान उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशन लाइफ के बारे में बात की। साथ ही ट्रोलिंग को कैसे हैंडल करती हैं, इस पर खुलकर बात की।

आज से तकरीबन 20 साल पहले जब आपका रीमिक्स अल्बम कांटा लगा आया, तो आप नैशनल क्रश बन गई थीं, मगर उसके बाद आप फिल्मों और टीवी में उतनी नहीं दिखीं। आपने अपने एक इंटरव्यू में कहा आपको मनमुताबिक रोल्स नहीं मिले?

मुझे लगता है, मैं इकलौती आर्टिस्ट नहीं हूं, जिसे अच्छे मौके के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा हो। और भी कई हैं। ये भी जरूरी नहीं कि एक एक्टर 365 दिन काम में लगा रहे। मुझे जो मेरे योग्य मिला, मैंने किया, मगर सबसे बड़ी बात ये है कि मैंने खुद को संभाल कर रखा। मेरी ऑडियंस ने मुझे आज भी रिलेवेंट रखा। इसके लिए मैं सोशल मीडिया का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी। मैंने खुद को हमेशा लंबी रेस का घोड़ा माना। मुझे 20 साल हो गए हैं और मैं यहां आगे के 30 साल और रहने वाली हूं।

कांटा लगा गाने ने आपकी जिंदगी कैसे रातों-रात बदली?

वो गाना तो मेरे लिए किसी परीकथा की तरह साबित हुआ। वो जैसे एक परी आती है और जादू की छड़ी फिराती है, मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। मगर असल इम्तिहान उसके बाद शुरू हुआ। वास्तविक मेहनत उसके बाद शुरू हुई। मैं उस वक्त महज 12 वीं में थी। आज भी मैं उस सफलता को जज्ब नहीं कर पाई। यही वजह है कि आज भी मैं जमीन से जुड़ी हूई हूं। मैं हमेशा अच्छा काम करने को प्रेरित हुई। यही वजह है कि मैंने इंतजार किया।

सुना है आपकी पहली शादी (मीट ब्रदर्स के हरमीत सिंह) में आपको काफी मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ा, उस वक्त आपके लिए सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम क्या था?

मेरा परिवार हमेशा से मेरा सबसे बड़ा सपोर्ट सिस्टम रहा है। खास कर मेरे पिता। उन्होंने मुझे एक बेटी नहीं बल्कि बेटे के रूप में बड़ा किया। अपनी परवरिश के कारण मैं मजबूत रह पाई। अच्छे-बुरे को समझ पाई। एक बात तय थी कि मैं अपने परिवार को जवाबदेह रही। जब तक मेरा परिवार मेरे बारे में जानता है, मैंने किसी की परवाह नहीं की। मैं बहुत बिंदास रही हूं। अपना मत रखने से घबराती नहीं। मुझे लगता है, आपका सपोर्ट सिस्टम मजबूत हो, तो आप बड़े से बड़ा तूफान भी झेल जाते हैं। बुरा वक्त तो हर किसी की जिंदगी में आता है। जीवन हर वक्त फूलों की सेज नहीं रहती। मेरे जीवन में भी आया और मैं उसे अपने परिवार के साथ सह पाई। सच कहूं तो ऐसे समय में आपको मानसिक तौर पर और मजबूत रहना पड़ता है, सब्र रखना पड़ता है। वरना टूट कर बिखरने का डर रहता है।

क्या अपने किसी फैसले को लेकर आपने कभी ट्रोल्स की परवाह की है? क्या आपको लगता है कि महिलाओं को तुरंत जज किया जाता है?

हमारे समाज में धारणाएं खूब चलती हैं। हमारा समाज हर चीज को लेकर जजमेंटल होता है। चाहे वो औरत हो या पुरुष। मेरा हमेशा से ये रवैया रहा है कि लोग क्या सोचेंगे, अगर मैं वो सोचने बैठी, तो फिर वो क्या करेंगे? मैं किसी की परवाह नहीं करती। मुझे और मेरी अंतरात्मा को जो सही लगता है, वो मैं करती हूं। जिस चीज में मेरे परिवार का सहयोग रहता है, वो चीज करने से मैं घबराती नहीं। देखिए आपके चाहने वालों के साथ -साथ आपसे नफरत करने वाले भी होंगे, तो तो मैं अपने चाहने वालों पर फोकस करती हूं। मुझे ये ट्रोल्स और हेटर्स बिलकुल इफेक्ट नहीं करते ।मैं अपनी छोटी-सी दुनिया में बहुत खुश रहती हूं। मैं अपने परिवार और दोस्तों की परवाह करती हूं। वैसे भी मैं अपने आप को काफी खुशकिस्मत महसूस करती हूं। मेरे फॉलोअर्स मुझे हिम्मत देते हैं। वही मेरा फ्यूल हैं। मैं अपने सोशल मीडिया पर काफी मुखर हूं। फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर बातें करती हूं। मैं उनसे मजबूत कनेक्शन महसूस करती हूं।

बीते बीस सालों में आपका फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन सोशल मीडिया पर एक लंबे समय से चर्चा का विषय रहा है।

मैंने पहले दिन से ही फिटनेस को लेकर एक डिसिप्लेन रखा। ये रातों -रात नहीं होता। सालों की मेहनत लगती है और तब जाकर उसका फल मिलता है। ये अनुशासन के कारण हो पाया। मैं नियमित रूप से जिम करती हूं, चाहे कितनी भी थकी हुई क्यों न होऊं। मैं सही और संतुलित भोजन करती हूं। जब काम ज्यादा हो जाता है, तब हम ब्रेक भी लेते हैं। इससे ज्यादा मुझे बीते सालों में प्यार भी बहुत मिला। मैं खुश हूं और मेरी खूबसूरती में मेरी अनुवांशिकता का भी हाथ है। ये मुझे मेरे माता-पिता के जींस से मिला है। कांटा लगा के जमाने से ही मैंने अपनी जिंदगी, फिटनेस और परिवार को समर्पित की। मेरे जीवन में मेंटल करप्शन और पॉल्यूशन नहीं रहा।

इतने लंबे अंतराल के बाद आप शैतानी रस्में जैसे शो में काम करने को क्यों प्रेरित हुईं ?

एक एक्टर अपने करियर में बहुत कुछ करना चाहता है। मेरे करियर की शुरुआत डांस से हुई। फिर जैसे-जैसे मुझे फिल्में और रियलिटी शोज मिलते रहे, मैंने किए। टीवी के बारे में कहा जाता है कि ये छोटा पर्दा है, मगर मेरा मानना है कि आज भी इसकी रीच सबसे ज्यादा है। यह एक बेहद ही अलग तरह का थ्रिलर शो है। मेरे रोल में कई रंग हैं ।वैसे मैं टीवी करने से बहुत घबराती हूं, क्योंकि इसमें एक लंबा कमिटमेंट देना पड़ता है। मगर इस दमदार भूमिका ने मुझे इसके लिए हामी भरने को प्रेरित किया।

मुझे जब एनिमल ऑफर हुई तो लगा मेरी वर्षों की मेहनत रंग ला रही है

संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म एनिमल का जलवा बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ लोगों के दिलों-दिमाग पर भी देखने को मिल रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी के अभिनय ने लोगों को इस कदर प्रभावित किया है कि सभी तालियां बजाने को मजबूर हो गए हैं। हालांकि, यह एनिमल को ब्लॉकबस्टर बनाने का जितना श्रेय इन सभी सितारों को जाता है उतना ही फिल्म के सहायक किरदारों को भी दिया जाता है। इन्हीं कलाकारों में से हैं अभिनेत्री सलोनी बत्रा, जिन्होंने एनिमल में रणबीर कपूर की बहन का किरदार निभाया है। एक खास बातचीत में सलोनी ने फिल्म में उनके किरदार को मिल रहे प्यार और सभी सितारों के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बातचीत की।

सलोनी ने इंटरव्यू में उस समय को भी याद किया जब उन्हें यह फिल्म ऑफर की गई थी और कहा, मुझे जब यह फिल्म ऑफर हुई तो मुझे लगा मेरी इतने वर्षों की मेहनत रंग ला रही है। मेरे सपने जो मैंने एक अभिनेत्री के रूप में देखे थे यह वह सीढ़ी है, जिससे उनके पूरे होने की शुरुआत होगी। इस बात को सोचकर मैं खुश हो गई थी, लेकिन जब मुझे पता लगा कि मैं इतने सारे सुपरस्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर करने वाली हूं तो मैं थोड़ा नर्वस हो गई थी। लेकिन संदीप सर का प्रॉसेस बहुत अच्छा था और उन्होंने हर चीज को बहुत ही अच्छे से हैंडल किया। सेट पर सभी का बर्ताव बिल्कुल सामान्य था किसी ने भी हमें जूनियर एक्टर्स की तरह ट्रीट नहीं किया।

इस साक्षात्कार में सलोनी ने फिल्म को मिल रही आलोचनाओं पर भी प्रतिक्रिया दी और फिल्म का बचाव करते हुए कहा, लोगों को अपनी राय रखने का पूरा हक है क्योंकि भारत एक स्वतंत्र देश है। यह कहानी एक ऐसे लड़के की है जो अपने पिता के प्यार के लिए तरसा है। उसका किरदार ही संदीप सर ने उस तरह का बनाया है। फिल्म को पहले से ही ए सर्टिफिकेट भी मिला है और इसका जॉनर भी एक्शन है, जिसे देखकर लोगों को मजा भी आ रहा है। हम कलाकारों ने सिर्फ अपना 100 प्रतिशत देकर उसे पर्दे पर उतारा है। दर्शकों को कहानी को कहानी की तरह देखना चाहिए और बाकी अपनी सभी की राय होती है।

भगवान परशुराम के रोल में दिखाई देंगे ऋषभ शेट्टी

होम्बले फिल्म्स की कांतारा 2 एक बार फिर सुर्खियों में आई है। इस प्रोडक्शन हाउस ब्लॉकबस्टर केजीएफ सीरीज के साथ ग्लोबल सेंसेशन बनी कांतारा के लिए भी खूब स्पॉटलाइट हासिल कर चुका है। फिलहाल ये अपनी अपकमिंग बड़ी फिल्म सालार पार्ट 1- सीजफायर की रिलीज के लिए तैयारी कर रहा है, वहीं उनकी कांतारा 2 का भी प्रशंसकों और दर्शकों द्वारा उत्सुक्ता से इंतजार किया जा रहा है। फिल्म की पहली झलक में दिखाए गए विजुअल्स ने ऑडियंस को इम्प्रेस किया है, और फिल्म के बारे में कई थ्योरीज बनाई गई हैं। उनमें से एक है एक्टर और निर्देशक ऋषभ शेट्टी का शानदार लुक। जबकि हाल ही में घोषित प्रीक्वल में उन्हें एक अलग तरीके से पेश किया हैं, अटकलें लगाई जा रही है कि शायद फिल्म में ऋषभ शेट्टी का लुक भगवान परशुराम के लुक पर बेस्ड हो।

कांतारा 2 में ऋषभ शेट्टी का रोल

इन सब गपशप के बीच एक बड़ी वजह यह है कि अनाउंसमेंट टीजर में दिखाया गया कुल्हाड़ी हथियार बिल्कुल वैसा ही है जो भगवान परशुराम से मेल खाता है, और कोंकण के लोगों की भी भगवान परशुराम में गहरी आस्था है, साथ ही कोंकण की भूमि को परशुराम भूमि भी कहा जाता है। गौरतलब है कि परशुराम जी भगवान शिव के भक्त थे और ऋषभ शेट्टी के किरदार को हम पहले पार्ट कांतारा में शिव के रूप में देख चुके हैं।

सूर्या स्टारर कंगुवा से तमिल में डेब्यू कर रहे बॉबी देओल

एनिमल के कारण छाए बॉबी देओल अब सूर्या की कंगुवा में नजर आएंगे और एक्साइटेड हैं। बॉबी कंगुवा से तमिल सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं और उन्होंने इसके बारे में बात की। बॉबी देओल ने कंगुवा में अपना रोल भी बताया और कहा कि वह तमिल भाषा पर काम करेंगे। एनिमल में अपने नेगेटिव रोल के लिए हर तरफ सुर्खियां बटोर रहे बॉबी देओल अब जल्द ही तमिल सिनेमा में डेब्यू करेंगे। वह सूर्या की फिल्म कंगुवा से तमिल फिल्मों में एंट्री कर रहे हैं। बॉबी देओल ने खुद यह कन्फर्म किया है। एनिमल के बाद अब वह कंगुवा में अपने रोल की तैयारियों में जुटे हैं। कंगुवा को शिवा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में सूर्या और बॉबी देओल के अलावा दिशा पाटनी भी नजर आएंगी। इस फिल्म को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। बॉबी इस फिल्म के साथ-साथ अपने तमिल डेब्यू को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं। बॉबी देओल ने कहा, हां, मैं सूर्या के साथ कंगुवा कर रहा हूं। यह एक कमाल की टीम है। शिवा बहुत प्यारे हैं और सूर्या फिर एक अद्भुत एक्टर हैं। इसलिए उनके साथ काम करना सच में काफी आनंद भरा है। वहीं बॉबी देओल ने फिल्म में अपने किरदार के बारे में कहा, यह रोल मेरे कंफर्ट जोन से बाहर का है। मैं भाषा भी नहीं जानता। एक या दो महीनों में मैं तमिल भी नहीं सीख सकता, लेकिन मैं इस पर काम करूंगा। संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में बॉबी देओल, अबरार नाम के नेगेटिव किरदार में दिखे थे। इसमें उनका एक भी डायलॉग नहीं था, क्योंकि किरदार मूक था। पर 15 मिनट के रोल में बॉबी देओल छा गए और तरफ उनके ही चर्चे हो रहे हैं।

अदिवी शेष ने हैदराबाद में शुरू की गुडाचारी 2 की शूटिंग

अभिनेता अदिवी शेष ने हैदराबाद में अपनी अगली एक्शन स्पाई थ्रिलर गुडाचारी 2 (जी2) की शूटिंग शुरू कर दी है। जब से अदिवी -स्टारर जी2 का फर्स्ट लुक जारी हुआ है, तब से फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। फिल्म में बनिता संधू भी मुख्य भूमिका में हैं।

पहले चरण से ही फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पैमाने पर बनाया जा रहा है। हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग के लिए एक भव्य पांच मंजिला ग्लास सेट का निर्माण किया गया है। मेजर अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर यह घोषणा की। अदिवी शेष ने क्लैपबोर्ड की तस्वीर भी शेयर की। जी2 एक जासूसी थ्रिलर है, जो सफल गुडाचारी फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। यह एक जासूस की कहानी है, जो भारत के बाहर अपने देश के लिए लड़ने के मिशन पर है। फिल्म का निर्देशन विनय कुमार सिरिगिनेडी ने किया है।

अक्षय-टाइगर की मूवी में अहम किरदार निभाएंगे पृथ्वीराज सुकुमारन

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत आगामी एक्शन-कॉमेडी बड़े मियां छोटे मियां की योजना लंबे समय से चल रही है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित फिल्म की घोषणा 2022 में की गई थी, जहां निर्माताओं ने एक संक्षिप्त टीजर जारी किया था। टीजर से दर्शकों को फिल्म की दृश्य शैली और एक्शन के पैमाने की झलक देखने को मिली थी। कथित तौर पर, मलयालम स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म में विलेन की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। अब, फिल्म के मुख्य कलाकारों के बारे में नए विकास की रिपोर्टें ऑनलाइन सामने आ रही हैं। इससे पहले, यह अफवाह थी कि फिल्म अंतत: अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के बीच क्लाइमेक्टिक अदायगी का कारण बनेगी। हालांकि, अब ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मिलकर एक बुरी ताकत के खिलाफ काम करेंगे, जिसका किरदार कथित तौर पर पृथ्वीराज निभाएंगे। क्रू के एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि फिल्म को समकालीन समय में बुराई की पृष्ठभूमि पर थोड़े आधुनिकतावादी स्पर्श के साथ एक एक्शन थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

कहानी कहने का ऑडियो फॉर्मेट बोझिल और चुनौतीपूर्ण

मार्वल की वेस्टलैंडर्स - ब्लैक विडो में लिसा कार्टराईट को अपनी आवाज देने वाली मशहूर फैशन डिजाइनर और अभिनेत्री मसाबा गुप्ता ने कहानी कहने के ऑडियो फॉर्मेट पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह बहुत अधिक बोझिल और चुनौतीपूर्ण है। हिंदी ऑडिबल ऑरिजिनल पॉडकास्ट सीरीज मार्वल्स वेस्टलैंडर्स- ब्लैक विडो में ब्लैक विडो/हेलेन ब्लैक की आवाज के रूप में करीना कपूर खान, लिसा कार्टराईट के रूप में मसाबा, जॉर्डन टेम्पल के रूप में विहान समत, येलेना बेलोवा के रूप में अदा शर्मा, जूडी क्रेट्ज के रूप में नीतू चंद्रा और के.आई.एम के रूप में अदिति भाटिया शामिल हैं। मसाबा ने कहा कि उन्हें यह माध्यम दिलचस्प लगा क्योंकि उनका ऑडियो आम तौर पर किसी वीडियो प्रारूप का अनुसरण करता है। मसाबा ने कहा, यह नया था क्योंकि आप ऑडियो के माध्यम से दुनिया का निर्माण कर रहे हैं। यह बहुत अधिक कठिन और चुनौतीपूर्ण है क्योंकि ऐसा नहीं है कि लोग किसी चीज को समझने के लिए दृश्य का सहारा ले सकते हैं। मुझे यह चुनौतीपूर्ण भी लगा क्योंकि इसमें कोई संदर्भ नहीं था। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगता है। यह मेरे लिए आश्चर्य की बात है लेकिन मैं कहानी कहने की इस नई पीढ़ी और नई परत के खुलने के लिए उत्साहित हूं। करीना के साथ काम करने पर एमटीवी सुपरमॉडल ऑफ द ईयर के जज ने कहा, यदि आप एक ही कहानी में हैं तो आपको एक ही लाइन पर चलना होगा। मेरा मतलब है कि जब आप विशेष रूप से आवाज रिकॉर्ड कर रहे हों तो ही ऐसा हो सकता है। चाहे मैं अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हूं और वह अलग-अलग बैंडविड्थ पर बोल रही हो, भले ही हमारे किरदार अलग-अलग हों, हमें उसका मिलान करना होगा।

मुख्य सचिव ने किया जेवर एयरपोर्ट का निरीक्षण

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने जेवर एयरपोर्ट की प्रगति का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के साईट ऑफिस में आहूत जॉइंट कोऑर्डिनेशन कमेटी (जॉइंट कोआर्डिनेशन कमेटी) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, भारत सरकार के विभिन्न विभागों यथा रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सिविल एविएशन विभाग,ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट आदि सहित कई अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परियोजना के निर्माण कार्यों के प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया गया।

मुख्य सचिव द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की प्रोजेक्ट साइट का भ्रमण भी किया गया तथा एयरपोर्ट पर किए जा रहे विकास कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा भी की गई। मुख्य सचिव को एटीसी टॉवर, एयरपोर्ट टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य तथा एयरपोर्ट रनवे के निर्माण की प्रगति दिखायी गई। मुख्य सचिव द्वारा साईट पर मौजूद ज्यूरिख़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट की एसपीवी कंपनी वाईआईएपीएल के सीईओ क्रिस्टोफ़ शेलमेंन, सीओओ सुश्री किरण जैन, निकोलस तथा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह से परियोजना की टेक्निकल इनफार्मेशन की

मुख्य सचिव के निरीक्षण के दौरान उपरोक्त अधिकारियों सहित डीएम मनीष कुमार वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती श्रुति, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कपिल सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी विपिन जैन, निदेशक सिविल एविएशन कुमार हर्ष, विशेष कार्याधिकारी/ नोडल अधिकारी शैलेंद्र भाटिया, विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम अभय सिंह सहित यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण तथा वाईआईएपीएल व टाटा प्रोजैक्ट के अधिकारी मौजूद रहे।

पीपीएस नागर पुनः बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

नोएडा (चेतना मंच)। पीपीएस नागर को एक बार फिर बार एसोसिएशन एडवोकेट्स एंड डीड राइटर्स का अध्यक्ष चुना गया है। सर्वसम्मति से पीपीएस नागर को अध्यक्ष तथा एलसी शर्मा को महासचिव चुन लिया गया है। जबकि रविन्द्र बंसल एसडी सिंह, संजीव शर्मा तथा बिलाल बर्नी को उपाध्यक्ष, सतेन्द्र राघव तथा महेन्द्र यादव को संयुक्त सचिव तथा बिजेन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि विजय शर्मा, अविनाश चौधरी, कुलदीप शर्मा, चंद्रशेखर सिंह, के.के. गौतम तथा देवेन्द्र यादव को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। यह नई कार्यकारिणी 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक कार्यरत रहेगी।

कांग्रेस ने सरदार पटेल की पुण्यतिथि मनाई

नोएडा (चेतना मंच)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लौह पुरूष व भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में बिशनपुरा सेक्टर-58 स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने उनकी पुण्यतिथि मनाई।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा है कि वल्लभभाई झावेरभाई पटेल जो सरदार पटेल के नाम से लोकप्रिय थे, एक कुशल राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एक एकीकृत, स्वतंत्र राष्ट्र में अपने एकीकरण का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर ओबीसी प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव उर्मिला चौधरी, उपाध्यक्ष व पीसीसी सदस्य रिज़वान चौधरी, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा, महासचिव जितेंद्र चौधरी महासचिव सोनू प्रधान, अरुण टोंगर, रोहित चौहान, विकास कुमार अवनिष तंवर, शिव कुमार तंवर, रामनिवास वर्मा, विशाल नागर,नवदीप चौधरी,राकेश यादव, जीशान चौधरी, नवदीप तोमर,केशव यादव, कमरुद्दीन, नीरज, दीपक, मुनेश सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वाजिदपुर से रायपुर तक बिजली से सड़कें रोशन

नोएडा (चेतना मंच)। गांव नंगली वाजिदपुर सेक्टर-135 से गांव रायपुर सेक्टर-126 तक बने हुए यमुना पुस्ता बांध सड़क पर प्राधिकरण तथा बिजली विभाग के सहयोग से विद्युत लाइन चालू कर दी गयी है।

मालूम हो कि इसके लिए भारतीय किसान यूनियन मंच के मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने नोएडा प्राधिकरण से कई बार लिखित में शिकायत की तथा मुख्यमंत्री के पोर्टल आरटीजीएस में भी शिकायत की थी। इसके बाद प्राधिकरण ने विद्युत विभाग को विद्युत के पोल लगाने के आदेश दिए थे।

मालूम हो कि इस मार्ग पर अंधेरा होने के कारण मार्ग में लोगों को काफी दिक्कत होती थी। पुस्ता बांध रोड पर सिचाई विभाग एवं नोएडा प्राधिकरण के द्वारा पथ प्रकाश की कोई भी व्यवस्था नहीं थी। इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए नोएडा प्राधिकरण अब इस पुस्ता बांध रोड पर लगभग 480 स्ट्रीट लाइट के खंभे लगाकर पथ प्रकाश की व्यवस्था कर रहा है। जल्द ही इस रास्ते पर पथ प्रकाश की व्यवस्था हो जाने से पुस्ता बांध सड़क के साथ-साथ बसे सैक्टर और गांव के निवासियों को रात्रि अंधेरे से छुटकारा मिलेगा।

शराब छुड़ाए बिना बताए
अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें
नशा मुक्ति केन्द्र
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो०-9818250344

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLE FOR SALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

S.No	Plot Size	House No./Block	Price	Other Details
1	300 Sq.mtr	C-291, Sigma - 02	92 Lakh	Completion, S/W
2	200 Sq.mtr	G-660, Alpha - 02	1.25 Cr.	Completion,N/E & 18 MTR Road
3	60 Sq.mtr	G-439, Gamma - 02	52 Lakh	Single Story, Corner(18X12),N/E
4	1265 Sq.ft	Silver City - 02, PI-1	55 Lakh	2+1 BHK Apartment
5	29.76 Sq.ft	3TF/Block-60, Sector - 10	9 Lakh	1 BHK, Top Floor
6	2450 Sq.ft	Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04	On Request	4BHK, Low rise, Lift
7	237 Sq.mtr	C-363, Sector - 03(EXTN)	1.40 Cr.	50% Completion, Corner, N/ W
8	110 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
9	131 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
10	930 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	14000/Sq.Mtr.	Corner Plot

COMMERCIAL

S.No	Shop Size	Complex Address	Price	Other Details
1	29.5 Sq.mtr	Block - C, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, Corner, N/E
2	463 Sq.ft	NQI Plaza, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, N/E
3	19.5 Sq.mtr	Kadamba Shopping Complex, Gamma -01	40 Lakh	G.Floor, N/W
4	8.15 Sq.mtr	Kiosk, P-3	22 Lakh	24 Mtr Road, N/W

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

श्रीराम कथा पापों व संतापों को हरने वाली है: सद्गुरूनाथ

नोएडा (चेतना मंच)। श्रीविष्णु महायज्ञ में चल रहे श्रीराम

कथा में सद्गुरूनाथ जी महाराज ने कहाकि इस कलिकाल में सिर्फ मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम ही संकट और विपदा से मुक्ति दिला सकते हैं। जिंदगी की आपाधापी में श्रीराम का स्मरण करना नहीं भूलना चाहिए। जिस पर कृपा श्रीराम की हो वो पत्थर भी तैर जाते हैं। अगर भगवान श्रीराम की कृपा आप पर हो जाए तो नाना प्रकार की चीजों से झोली भर जाती है।

इस अवसर पर सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, अजय प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष, महर्षि महेश योगी संस्थान और कुलाधिपति, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालोजी, राहुल भारद्वाज, उपाध्यक्ष, महर्षि महेश योगी संस्थान, भैयाजी, अलोक, श्रीमती कमलेश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, यशवंत सिंह, रजिस्ट्रार, नोएडा अथॉरिटी, डॉ. तृप्ति अग्रवाल, डीन एकेडमिक, डॉ. के.बी. अस्थाना, डीन, महर्षि स्कूल ऑफ लॉ, संजय कमल, बॉबी सिंह, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इंफार्मेशन टेक्नालॉजी, नोएडा कैंपस, संजय सिन्हा, एस पी गर्ग, उमाचरण मिश्रा, यज्ञाचार्य पंडित सतीश भट्ट, राजेश मिश्रा, कौशल कुमार झा, बबलू पांडे और हरीश (प्रयागराज), श्रीविष्णु महायज्ञ व श्रीराम कथा कार्यक्रम के संयोजक रामेन्द्र सचान, गिरीश अग्निहोत्री एवं हजारो श्रद्धालु उपस्थित थे।

दो दर्जन से अधिक दरोगा को मिली चौकियों की कमान

नोएडा। पिछले काफी समय से नोएडा सेंट्रल जोन के विभिन्न थानों में तैनात दो दर्जन से अधिक दरोगाओं को विभिन्न चौकियों की कमान सौंप दी गई है। शुक्रवार की दोपहर बाद नोएडा पुलिस कमिश्नर के आदेश के बाद नई तैनाती के आदेश जारी किए गए।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा सुनीति की ओर से जारी आदेश के अनुसार, चौकी प्रभारी सेक्टर 110 प्रदीप कुमार का स्थानंरण चौकी प्रभारी भंगेल के लिए कर दिया गया है। थाना फेज 2 में तैनात उप निरीक्षक प्रीति पंवार को चौकी प्रभारी सेक्टर 110, राधेश सक्सेना को चौकी प्रभारी एनएसईजेड, प्रसून कटियार को चौकी प्रभारी गेझा, बृजेश पाल सिंह को प्रभारी चौकी ककराला, अमि कुमार पटेल को चौकी प्रभारी फूलमंडी बनाया गया है।

उप निरीक्षक मनीष कुमार सेंट्रल नोएडा से इकोटेक 3 में किया गया स्थानांतरण निरस्त करते हुए अब उन्हें चौकी प्रभारी गढ़ चौखंडी बनाय गया है। थाना सेक्टर 63 में तैनात देशपाल सिंह को प्रभारी चौकी छिजारसी, कृष्ण कुमार यादव को चौकी प्रभारी बहलोलपुर, लोकेंद्र सिंह प्रभारी सी ब्लाक थाना सेक्टर 63, आस्था चौकी प्रभारी एच ब्लाक बनाया गया है।

थाना सूरजपुर में तैनात उप निरीक्षक धीरेंद्र मलिक को चौकी प्रभारी तिलपता, रमेश चंद्र को चौकी प्रभारी जुनपत, अशोक कुमार नौहवार को चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र, थाना बादलपुर में तैनात दरोगा नीरज शर्मा को चौकी प्रभारी छपरौला, शैलेंद्र सिंह को प्रभारी धूममानिकपुर, उदित सिंह को चौकी प्रभारी दुजाना बनाया गया है।

इसके अलावा थाना बिसरख में तैनात दरोगा विपिन कुमार को चौकी प्रभारी गौर सिटी प्रथम, नीलकांत सिंह को चौकी प्रभारी चेरीकाउंटी, पूनम बघेल को चौकी प्रभारी निराला स्टेट, राजेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी एसीई सिटी, अरविंद तरार को चौकी प्रभारी चिपयाना, ब्रजपाल सिंह को चौकी प्रभारी सेक्टर 3 एस्टर बनाया गया है। इसके अलावा अपर पुलिस उपायुक्त कार्यालय में तैनात विश्वजीत सिंह का प्रभारी चौकी औद्योगिक क्षेत्र, थाना इकोटेक 3 से पुष्पेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी कुलेसरा व सुनील कुमार को चौकी प्रभारी डी पार्क बनाकर भेजा गया है।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!



Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED | startupindia | MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com

द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

प्रचार वाहनों के साथ निकाली गई जागरूकता रैली: सियाराम वर्मा

नोएडा (चेतना मंच)। परिवहन विभाग द्वारा द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 31 दिसंबर तक चलेगा। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) प्रशासन सियाराम वर्मा ने दी।

श्री वर्मा ने बताया कि आज पखवाड़ा के प्रथम दिन लोगों को यातायात नियम तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए 25 प्रचार वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। इस मौके पर यातायात पुलिस विभाग की ओर से 18 मोटर साइकिल व 25 प्रचार वाहनों के अलावा 250 लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल यादव द्वारा हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन रैली को किया गया रवाना। इससे पूर्व यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के कर्मचारियों समेत जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। प्रचार वाहन समेत जागरूकता रैली सेक्टर-33 स्थित एआरटीओ कार्यालय से एलिवेटिड फ्लाई ओवर के नीचे से यू-टर्न लेकर सेक्टर-18 डीएलएफ गुरूद्वारा होते हुए सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन, अटटापीर, सेक्टर-16, रजनीगंध सेक्टर-3, टेलीफोन एक्सचेंज, सेक्टर-12 मार्केट, स्टेडियम चौक, स्पाइस मॉल, सेक्टर-31, सेक्टर-35, 24 के आगे यूटर्न लेकर वापस एआरटीओ कार्यालय पर समाप्त हुई। इस मौके पर डीसीपी अनिल यादव, सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राजीव गुप्ता, एसीपी पवन कुमार गौतम, यातायात निरीक्षक रामसिंह, मां तारा फाउंडेशन एनजीओ के डा. समरजीत चौधरी व परिवहन विभाग तथा यातायात पुलिस विभाग के कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे।